रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/93 REGISTERED NO. DL-33001/93



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 25, 1993 (आश्विन 3, 1915)
No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 25, 1993 (ASVINA 3, 1915)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

बम्बई-400005, दिनांक 25 अगस्त 1993

सं॰ 163/08-21-001/93—भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का अधिनियम 23) की धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (च) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री आर॰ जानकीरामन के स्थान पर भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री एस॰ एस॰ तारापोर को 25 अगस्त 1993 से भारतीय स्टेट बैंक के निदेशक के रूप में मनोनीत किया है।

डी॰ आर॰ मेहता
उप गवर्नर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

अ॰से॰वि॰ एवं औ॰ सं॰ विभाग

कार्मिक प्रभाग

प्रधान कार्यालय

बड़ौदा-390005, दिनांक 21 जुलाई 1993

सं॰ प्रका॰ : अ॰से॰ वि॰ : एवं औ॰सं॰ ए॰ 10/16 : 1029—बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवम् अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा का निदेशक मंडल भारत सरकार की पूर्वानुमति से एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से बैंक ऑफ़ बड़ौदा, अधिकारी सेवा विनियम, 1979 में आगे संशोधन करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाता है।

02. संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ

(1) इन विनियमों को बैंक ऑफ़ बड़ौदा अधिकारी सेवा (संशोधन) विनियम, 1990 कहा जायेगा।

(2) ये दिनांक 22-11-1990 से प्रभावी होंगे।

जिन अधिकारियों को ये विनियम लागू होंगे— 2 (1) ये विनियम बैंक के सभी अधिकारियों तथा बैंक के उन कर्मचारियों पर, जिन पर इन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा लागू किया जाये, उक्त प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित सीमा तथा शर्तों के अधीन लागू होंगे।

(2) ये भारत से बाहर पदस्थापित/स्थानान्तरित/प्रतिनियुक्त अधिकारियों को भी लागू होंगे। पर उस सीमा तक जैसा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशिष्ट रूप से या सामान्य रूप से निर्धारित किया गया होगा।

(3) तथापि, यह विनियम उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे जो भारत के बाहर किसी देश में नियुक्त हैं और वहां स्थायी रूप से सेवा कर रहे हैं।

ह० अपठनीय
महाप्रबंधक
(मा० सं० प्र० एवं सा० प्र०)

सं० प्र० का० अ० से० वि० एवं औ० सं० ए० 10/14 1030—बैंक ऑफ़ बड़ौदा का निदेशक मंडल बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व-मंजूरी से इसके द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 को संशोधित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है:

02. संक्षिप्त नाम व प्रारंभ

(1) ये विनियम बैंक ऑफ़ बड़ौदा अधिकारी सेवा (संशोधन) विनियम 1990 कहलायेंगे।

(2) ये विनियम नीचे दर्शाई गई तारीखों से लागू होंगे।

		प्रभावी तारीख
विनियम 21	मंहगाई भत्ता	01-11-87
विनियम 22 (2)	मकान किराया भत्ता	01-01-90
विनियम 22(3)	मकान किराया भत्ता	01-04-90
विनियम 24(1)ए	चिकित्सा सहायता (आवास पर इलाज)	01-01-90
विनियम 24(1) बी	चिकित्सा सहायता (अस्पतालीय योजना)	01-04-89
विनियम 33 (4)	विशेषाधिकृत अवकाश	01-01-90

03. महंगाई भत्ता : 21

01-11-1987 को एवं तब से महंगाई भत्ता योजना निम्नानुसार होगी :

(I) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत कर्मकार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार 1960-100 के तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर प्रत्येक 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि या कमी पर देय होगा।

(II) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :

(i) रु० 2500/- तक के "वेतन" का 0.67% और

(ii) रु० 2500/- अधिक से रु० 4000/- तक "वेतन" का 0.55 %

(iii) रु० 4000/- अधिक से रु० 4260/- तक "वेतन" का 0.33 %

(vi) रु० 4260/- से अधिक "वेतन" का 0.17%

मकान किराया भत्ता : 22(2)

01-01-1990 को एवं तब से यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा कोई भी आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाती है तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ते के लिए पात्र होगा।

कॉलम-I	कॉलम-II
कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
1	2
I. सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार समय समय पर विनिर्दिष्ट "ए" वर्ग के प्रमुख शहर और समूह "ए" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 14 % अधिकतम रु० 450/- प्रतिमाह के अध्यधीन
II. क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह "बी" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12 % परन्तु अधिकतम रु० 375/- प्रतिमाह
III. क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (I) तथा (II) के अन्तर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10% परन्तु अधिकतम रु० 325/- प्रतिमाह
IV. क्षेत्र III	वेतन का 8 % परन्तु अधिकतम रु० 300/- प्रतिमाह

परन्तु यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है

1	2
	तो उसे देय मकान किराया भत्ता जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के वेतन के 6% से ऊपर उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया होगा अथवा वह ऊपर कालम II में दर्शाई गई दर से अन्यथा देय मकान किराया भत्ते का अधिकतम 175% इनमें से जो भी कम हो, अधिकतम सीमा तक प्रमाण-पत्र के आधार पर भी मकान किराया भत्ता ले सकता है ।
स्पष्टीकरण—22(3) 1 (ख)	दिनांक 01-04-1990 से यदि निवास स्थान बैंक द्वारा किराए पर लिया गया है तो बैंक द्वारा देय संविदागत किराया अथवा उपर्युक्त (क) में दर्शाई गई पद्धति से गिना गया किराया, इनमें से जो भी कम हो ।
2	इस विनियम और विनियम 23 में क्षेत्र I और II और क्षेत्र–III का अभिप्राय होगा ।
	क्षेत्र–I : 12 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्थान
	क्षेत्र– II : क्षेत्र I में शामिल शहरों के अलावा ऐसे अन्य सभी शहर जिनकी जनसंख्या 1लाख या उससे अधिक हो,
	क्षेत्र–III : क्षेत्र I एवं क्षेत्र II में शामिल स्थानों के अलावा अन्य सभी ।
चिकित्सा सहायता :	
24 (1)	अधिकारी अपने और अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रति–पूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात् :
(क)	चिकित्सा व्यय :
	दिनांक 01–01–90 को और उससे आगे अधिकारी द्वारा अपने स्वयं और परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट वेतन – सीमा तक स्तंभ 2 में प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी । इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :

सारणी

वेतन सीमा	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
रु० 2100/– से रु० 3060/– प्र०मा०	रु० 750/–
रु० 3061/ प्र०मा० और उससे अधिक	रु० 1000/–

टिप्पणी : उपयोग में न आई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है परन्तु संचित राशि किसी भी समय उल्लेखित अधिकतम राशि के तीन गुने से अधिक नहीं होगी

स्पष्टीकरण :

"इस विनियम के प्रयोजन के लिए, अधिकारी के 'परिवार' में उसका पति/उसकी पत्नी, पूर्णतः आश्रित संतान और पूर्णतः आश्रित माता–पिता ही शामिल होंगे ।

(ख) अस्पताल में भर्ती खर्च :

(I) दिनांक 01-4-1989 को और उसके बाद से अस्पताल में भर्ती होने पर अधिकारी के मामले में 90% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60% तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जायेगी । किए गए खर्चों के बिलों और वाउचरों इत्यादि के आधार पर प्रतिपूर्ति समय-समय पर इस संबंध में सरकार के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप निर्धारित सीमा के अध्यधीन होगी ।

(II) अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों से, यथास्थिति, यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी सरकारी या नगरपालिका अस्पताल में या किसी निजी

1	2
	अस्पताल (अर्थात किसी न्यास, धर्मार्थ संस्थान या धार्मिक मिशन के प्रबंधन के अधीन आने वाले अस्पतालों में भर्ती हों, किंतु अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकारीगण या उनके परिवार के सदस्य अथवा दोनों किसी अनुमोदित निजी नर्सिंग होम या बैंक द्वारा अनुमोदित अस्पतालों में भर्ती हो सकते हैं किंतु ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति ऊपर वर्णित अस्पतालों में भर्ती पर प्रतिपूर्ति-योग्य राशि तक सीमित रहेगी ।
	(III) दिनांक 01-4-1989 को और इसके बाद, मान्यताप्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित रोगों के चिकित्सा खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती खर्चा माना जाएगा और उससे संबंधित चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति अधिकारी के मामले में 90% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60% तक की जायेगी :
कैंसर	चेचक
तपेदिक	प्लूरिसी
पक्षाघात	डिप्थीरिया
हृदयरोग	कुष्ठरोग
ट्यूमर	गुर्दे की खराबी
विशेषाधिकार छुट्टी :	
	33 (4) दिनांक 01-01-1990 से जब तक कि आवेदित छुट्टी मंजूर न कर दी गई हो, विशेषाधिकार छुट्टी अधिक से अधिक 240 दिन तक संचित की जा सकेगी ।

जे० एन० टंडन
महा प्रबंधक
(मा० सं० प्र० एवं सा० प्र०)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

कार्मिक विभाग

बम्बई-400021, दिनांक 26 अगस्त 1993

शुद्धि-पत्र

भारत का राजपत्र दिनांक 12-12-1992

क्र० ओएस आर/9—भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड-4) दिनांक 12-12-1992 के पृष्ठ संख्या 3864 से 3868 तक पर प्रकाशित हमारी अधिसूचना क्र० ओ०एस० आर०/7, दिनांक 30 अक्तूबर, 1992 में निम्नानुसार संशोधन अधिसूचित किए जाते हैं :—

क्र० सं०	पृष्ठ सं०	विनियम क्रमांक	संशोधन
1.	3864	लघु शीर्षक एवं प्रारंभ	इन विनियमों को यूनियन बैंक आफ इंडिया (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 1992 कहा जाये ।

आर० रामदुरै,
महा प्रबंधक (कार्मिक)

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

नई दिल्ली 110002, दिनांक 06 अगस्त 1993

सं० 3-एन० सी० ए० (5)/1/93-94—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-एन० सी० ए० (4)/3/91-92, दिनांक 14-2-92, 3-एन० सी० ए० (4)/19/83-84, दिनांक 31-3-83, 3-एन० सी० ए० (4)/7/82-83, दिनांक 15-3-83, 3-एन० सी० ए० (4)/2/90-91, दिनांक 12-11-90, 3-एन० सी० ए० (4)/11/92-93, दिनांक 3-5-93, 3-एन० सी० ए० (1)/19/79-80, दिनांक 15-3-80, 3-एन० सी० ए० (4)/2/90-91, दिनांक 12-11-90, 3-एन० सी० ए० (4)/4/92-93, दिनांक 11-1-93, 3-एन० सी० ए० (4)/2/88-89, दिनांक 8-2-89, 3-एन० सी० ए० (4)/3/89-90, दिनांक 9-11-89, 3-एन० सी० ए० (4)/8/92-93, दिनांक 23-3-93, 3-एन० सी० ए० 4/5/92-93, दिनांक 29-1-93, 3-एन० सी० ए० (4)/6/92-93, दिनांक 11-2-93, 3-एन० सी० ए० (4)/7/92-93, दिनांक 26-2-93, के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	9201	श्री कमल जीत सिंह भाटिया, एफ० सी० ए० 54, डी०डी०ए० (एम०आई०जी०) फलैट्स, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली–110027	16–04–93
2.	13645	श्री शक्ति कुमार, ए०सी०ए०, बी–47, विवेक विहार फेज–2, दिल्ली–110095	31–05–93
3.	14341	श्री माधो प्रकाश सोमानी, ए०सी०ए०, ई–297, ग्रेटर कैलाश पार्ट–1, नई दिल्ली–110048	07–05–93
4.	17956	श्री सुरेश सेट्टी, ए०सी०ए०, 35, एशियन गेम्स विलेज, रणजीत सिंह ब्लोक, नई दिल्ली–110049	23–04–93
5.	24104	श्री विपिन सी० सिंह, एफ०सी०ए०, 22, देशबंधु अपार्टमेंट्स, कालकाजी, नई दिल्ली–110019	15–04–93
6.	35395	श्री वेंकट रामन गोलुबुरी, ए०सी०ए०, 17–ए, ऊना एन्क्लेव, मयूर विहार–1, दिल्ली–110091	07–05–93
7.	51169	श्री अमलेन्दु पार्कषि, ए०सी०ए०, फ्लैट सं० 6241, सैक्टर–बी–9, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070	06–04–93
8.	73428	श्री आदर्श कुमार, ए०सी०ए०, सैक्टर–15 ए, हाउस सं०–371, फरीदाबाद–121001	05–05–93
9.	0454	श्री नन्द किशोर गर्ग, ए०सी०ए०, एफ०डी–37, विशाखा एन्क्लेव, पितम पुरा, दिल्ली–110034	28–06–93
10.	80472	श्री विजय कुमार, ए०सी०ए०, ई–96, बी०के० दत्त कालोनी, अपोजिट सफदरजंग एयर–पोर्ट, नई दिल्ली–110003	01–04–93
11.	81107	श्री अजय कुमार, ए०सी०ए०, 3, सेठ सोहनलाल लेन, अपोजिट पी०डब्ल्यू०डी०, रैस्ट हाउस, सिविल लाईंस, लुधियाना	12–4–93
12.	81156	श्री अश्वनी कुमार, ए०सी०ए० 126–डी० पोकेट–4, मयूर विहार, दिल्ली	22–04–93
13.	81406	श्री अविनाश सिंह, ए०सी०ए०, 2682/2, गली सं० 2, बीडनपूरा, करोल बाग, नई दिल्ली	30–06–93
14.	81690	श्री जितेन्द्र गधिया, ए०सी०ए० 21, दरिया गंज, दयानन्द मार्ग, नई दिल्ली–2	01–04–93
15.	82971	श्री प्रदीप कुमार सूद एफ०सी०ए० 102 शिवलोक हाउस–1 करमपुरा कमर्शियल कम्पलैक्स नई दिल्ली–15	01–04–93
16.	83245	श्री उमा कांत भारगवा ए०सी०ए० केयर आफ मैसर्स संजीव सक्सेना एण्ड कं०, फ्लैट सं० 7, 3 फ्लोर. 3830. लालकोठी पटौदी–हाउस दरिया गंज, नई दिल्ली	30–04–93

1	2	3	4
17.	83440	श्री संजीव स्याल एफ०सी०ए० डब्ल्यू–20, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन नई दिल्ली–16	22–04–93
18.	84106	श्री अश्वनी कुमार एफ०सी०ए० मल्होत्रा गर्ग एण्ड कं० टिक्का बिल्डिंग प्लाई रोड कुरुक्षेत्र	01–04–93
19.	84516	श्री दीपक कंधारी ए०सी०ए० ए–15/3 एस०एफ०एस० साकेत नई दिल्ली-110017	01–04–93
20.	84921	श्री इंदरपाल सिंह ए०सी०ए० 105, बी, पोकेट-ए, मयूर विहार फेज–2, नई दिल्ली–91	12–05–93
21.	84975	श्री रोहित आनन्द ए०सी०ए० 21/16, ओल्ड राजिन्दर नगर, नई दिल्ली–60	20–04–93
22.	85283	मिस गीता सभरवाल, ए०सी०ए०, 335, एस०एफ०एस० फ्लैट्स, अशोक विहार–4, दिल्ली–52	14–05–93
23.	85611	मिसिज अनुराधा तुली, ए०सी०ए०, केयर आफ के०एम०जी० पीट मार्विक, पीट लेवल सिटी टावर–1, पी०ओ० बाक्स 3800, दुबई, यू०ए०ई०	19–04–93
24.	86032	श्री सुनिल कुमार जैन, ए०सी०ए०, केयर आफ यूनिलीवर अरेबिया, पी०बा० 3148, दुबई (यू०ए०ई०)	15–04–93
25.	86775	मिस मोना मेहरा, ए०सी०ए०, 7/22, रूप नगर, दिल्ली–7	15–04–93
26.	87230	श्री अनूप कुमार सपारा, ए०सी०ए०, 5, पृथ्वी राज रोड, जे० एण्ड के० हाउस, नई दिल्ली–110001	26–05–93
27.	87993	मिसिज लवलीना जैन, ए०सी०ए०, 136, दयानन्द विहार, विकास मार्ग एक्सटेंशन, दिल्ली–92	15–04–93
28.	88036	श्री मुकेश कुमार गर्ग ए०सी०ए० केयर आफ विनोद बंसल कागला स्ट्रीट महेम डिस्क० रोहतक	27–05–93
29.	88117	श्री जतिन्दर सिंह ग्रोवर ए०सी०ए० मैसर्स सी०बी० भारगवा एण्ड कं०, सत्संग भवन 7/24, दरिया गंज नई दिल्ली–2	09–06–93
30.	88251	श्री सतीश चन्द ए०सी०ए० 208 एम० जी० हाउस कम्युनिटी सेंटर, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110052	27–04–93
31.	89098	श्री नरेश कुमार मनोचा ए०सी०ए० सी–67, इंदर पुरी नई दिल्ली–12	31–05–93
32.	90270	श्री प्रवीण कुमार ए०सी०ए० सी–1/75 अशोक विहार, फेज–2 नई दिल्ली–52	07–05–93

ए० के० मजुमदार,
सचिव

मद्रास–600034, दिनांक 23 जुलाई 1993

सं० 3 एस० बी० ए० (5)/3/93–94—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3–एस० सी० ए० (4)/8/90–91 दिनांक 1–12–90, 3–एस० सी० ए० (4)/10/86–87 दिनांक 27–2–87, 3–एस० सी० ए० (4)/12/89–90, दिनांक 25–10–89, 3–एस० सी० ए० (4)/3/92–93 दिनांक 27–11–92 और 3–ई० सी० ए० (4)/10/91–92 दिनांक 23–10–92, के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम में 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	18480	श्री पार्थासारथी बी० बी०, ए० सी० ए०, जनरल मैनेजर, दि फाइनेंस इंस्टीट्यूशन आफ ए० एफ० आर० पोस्ट बाक्स नं० 20613, नेरोबी	22–6–93
2.	19033	श्री सुब्बा राव जी० एस० बी० के०, ए० सी० ए०, 304, प्रदीप अपार्टमेंट्स, गांधी नगर, न्यू बकाराम हैदराबाद–500380	18–6–93
3.	20643	श्री रामासुन्दर आर० एस०, ए० सी० ए०, दि वैश्या बैंक लि०, इंडस्ट्रियल क्रेडिट डिपार्टमेंट, 9/2 वीन्दुसा काम्पलेक्स रिचमंड बंगलौर–560025	7–6–93
4.	22251	श्री लक्ष्मी नारायणन बी०, ए० सी० ए०, ग्लोबल एन्टरप्राइजिस, पोस्ट बाक्स नं० 2925, सीब, सल्तनत आफ ओमान	10–6–93
5.	24596	श्री गिरिधर एस०, एफ० सी० ए०, 1–2–234/15, "गुरु कृपा" डोमालगुड़ा, हैदराबाद–5000 29	21–6–93
6.	25695	श्री कुमार एस० बी०, ए० सी० ए०, केयर आफ बहरेन आटोमोजर्स आई एन टी एल पोस्ट बाक्स नं० 5328, मनामा, बहरेन	15–6–93
7.	25757	श्री मनोज जोशी, ए० सी० ए०, मैनेजर एकाउन्ट्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन, गल्फ केनक्राफ्टर्स, पोस्ट बाक्स नं० 5005, शारजाह, यू० ए० ई०	9–6–93
8.	28294	श्री राजागोपाल पी० बी०, ए० सी० ए०, 2, 2 क्रॉस स्ट्रीट, वैस्ट सी० आई० टी० नगर, मद्रास–600035	20–5–93
9.	41834	श्री राव के० एस०, उमेशा, ए० सी० ए०, ग्रुप फाइनेंनशियल कन्ट्रोलर, अमाका होल्डिंग्स लि०, पो० आ० बाक्स नं० 80851, काबवे, जाम्बिया	18–6–93
10.	200258	श्री श्रीनिवास चिन्तलापती सुब्रामन्या, ए० सी० ए०, जूनियर मैनेजर (एफ एण्ड ए) फाइनेन्स डिपार्टमेंट, विशाखापटनम स्टील प्लांट विशाखापतनम–530031	1–6–93
11.	200391	श्री भगवतुला सोमेश्वर सुधाकर, ए० सी० ए० नं० 4/3 फ्लोर, लेनेन इस्टेट बिसाइड्स एस बी एच, गन फाउन्ड्री, हैदराबाद–50000	14–6–93
12.	201123	श्री सुमित्रा नन्दन श्रीवास्सा के०, ए० सी० ए०, एच० नं० 3–6–190/ए/2, हैदरगुडा, हैदराबाद-500029	29–4–93

ए० के० मजुमदार
सचिव

सं० 3-एस० सी० ए० 8/2/93-94—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10(1) खण्ड तीन में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गये प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	2522	श्री लुकोज एरिकट्टु जोसफ, एफ० सी० ए०, 15, थर्ड स्ट्रीट, सुब्बा राव एवेन्यु, मद्रास-600006	31-3-93
2.	10321	श्री रामास्वामी आर०, ए० सी० ए०, ओल्ड नं० 71(2) न्यू नं 18 ग्राउन्ड फ्लोर, 4 क्रोस, स्विमिंग पूल एक्सटेंशन, मालेश्वरा, बंगलौर-560003	31-3-93
3.	23802	श्री सुन्धरम के०, एफ० सी० ए० नं० 64, म्यानिअप्पा मेस्त्री स्ट्रीट, पार्क टावन, मद्रास-600003	20-5-93
4.	51198	श्री पटोदिया सुनिल कुमार, एफ० सी० ए०, 147, ग्रीम्स रोड, मद्रास-600006	31-3-93
5.	200933	श्री श्रीनिवास जी०, ए० सी० ए०, आफिस नं० 204 सन्तोषीमां कमर्शियल काम्पलैक्स आर० टी० सी० एस० रोड मुसीराबाद हैदराबाद-500020	31-3-93
6.	201541	श्री सुकुमार पी०, ए० सी० ए०, एकाउन्ट्स आफिसर, हरीता रबड़ प्रोडक्ट्स प्रा० लि० हरीता, होसुर-635109	31-3-93
7.	201724	श्री सुरेश पी० आर०, ए० सी० ए०, 11 लोकानाथान कालोनी, माइलापुर, मद्रास-600004	31-3-93

ए० के० मजुमदार
सचिव

दिनांक 6 अगस्त 1993

सं० 3-एस० सी० ए० (8)/3/93-94—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	7657	श्री कल्याण रमन वी०, ए० सी० ए०, नं० 49, ए० वी० एम० एवेन्यु, मेन रोड, विरुगम्बक्कम मद्रास-600092	31-3-93
2.	20842	श्री अनन्थारमन एस०, एफ० सी० ए०, 56, सुब्रामणियन रोड, आर० एस० पुरम, कोयम्बटूर-641002	31-3-93
3.	21766	श्री राजेन्द्रन के० एम०, एफ० सी० ए०, रेम्या पट्टोम पेलेस पी०ओ० त्रिवेन्द्रम-695004	31-3-93
4.	22178	श्री सुदर्शन एम० के०, एफ० सी० ए०, नं० 57, 1 फ्लोर, सुब्रामणियम स्ट्रीट, अभिरामापुरम मद्रास-600018	17-5-93
5.	23826	श्री नागाराजन आर०, एफ० सी० ए०, देव अपार्टमेंट्स, 42/21, 1 मेन रोड, गांधी नगर, अड्यार, मद्रास-600020	13-6-93
6.	27789	मिस रुकमणि वी०, ए० सी० ए०, प्लाट नं० 9, एम० जी० नगर, उल्लागरम, मद्रास-600091	31-3-93
7.	27893	श्री विजयकुमार एस० थावले, ए० सी० ए०, स्टर्लिन्ग केटरिंग सर्विसिज, पी० ओ० बाक्स नं० 4746, दोहा, कतार	31-3-93

1	2	3	4
8.	28241	श्री राम प्रसाद डी०, ए० सी० ए०, 48 5 स्ट्रीट, सोमासुन्दरम एवेन्यु, शक्ति नगर, पोरुर, मद्रास—600116	25—1—93
9.	29923	श्री इंडिरेश वी०, ए० सी० ए०, 32/2, 1 फ्लोर 5 मेन कामा-राजपेट, बंगलौर—560018	15—5—93
10.	80977	श्री भानोजी राव टी०, ए० सी० ए०, ब्रांच मैनेजर कोटन कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, 4/1, अरुणडेलपेट, गुन्टुर—522002	31—3—93
11.	86417	श्री गणेश के० बी०, ए० सी० ए०, डी—3, द्वारका, 22, सेकिंड मेन रोड, ट्रस्टपुरम, मद्रास—600024	31—3—93
12.	200635	श्री गिरिधरन सेषाद्री, ए० सी० ए०, 11, अलवाई नगर, थाथेनेरी पोस्ट, मदुराई—625018	1—3—93
13.	20114	श्री बालाजी ओ०, ए० सी० ए०, आफिसर ट्रेनी एकाउन्टस, सेषासायी पेपर एण्ड बोर्ड लि० कावेरी आर एस पी ओ इरोड—638007	17—6—92
14.	201907	श्री देवासिया थमाक, ए० सी० ए०, कुमारमपरम्बिल, अरीकमला पी० ओ० नाडुवी, कन्नानोर—670582	31—3—93
15.	202343	श्री रवि दयाल माथुर, ए० सी० ए०, "रामानियम" नं० 30, फलेट नं० 5, बालाकृष्णा रो, ब्राल्मिकि नगर, थिरुवनामियूर मद्रास—600041	31—3—93

ए० के० मजुमदार
सचिव

इंडियन एयरलाइन्स

दिनांक 2 सितम्बर 1993

सं० विनि/नियम/5/—इंडियन एयरलाइन्स वायु निगम अधिनियम, 1953 (1953 का 27) की धारा 45 (2) (ओ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से इंडियन एयरलाइन्स (उड़ान कर्मीदल और विमान इंजीनियरी विभाग के कर्मचारियों से भिन्न) कर्मचारियों के सेवा विनियम में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात :—

(1) यह विनियम इंडियन एयरलाइन्स (उड़ान कर्मीदल और विमान इंजीनियरी विभाग के कर्मचारियों से भिन्न) कर्मचारियों के सेवा (संशोधन) विनियम, 1993 कहा जाएगा।

(2) यह विनियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

(3) इंडियन एयरलाइन्स '(उड़ान कर्मीदल और विमान इंजीनियरी विभाग के कर्मचारियों से भिन्न) कर्मचारियों के सेवा विनियम 12 के पैरा (2) जो कि नीचे दिया गया है, को रद्द समझा जाए।

"(2) प्रमुख अनुदेशिका/अनुदेशिका तथा महिला स्वागती 40 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त होगी। किन्तु निगम के हित में प्रबन्ध निदेशक की अनुमति से वह 45 वर्ष की आयु तक सेवा में बनी रह सकती हैं।"

दया नारायण
निदेशक, निगमित कार्य

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 6 अगस्त 1993

सं. यू-16/53/1/90-चि.-2 (महाराष्ट्र) संग्रह-1—कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण) विनियम-1950 के विनियम-105, के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या—1024 (जी) दिनांक 23 मई, 1983 के द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा नासिक क्षेत्र की डा. (श्रीमती) आर. पी. सोर को विद्यमान मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर दिनांक 1-10-93 से 30-9-94 तक या किसी पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक, इसमें से जो भी पहले हो नासिक केन्द्र के बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता में संदेह होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं।

डा. (श्रीमती) ए. ए. अम्बेकर
चिकित्सा आयुक्त

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

बम्बई, दिनांक 2 सितम्बर 1993

यूटी/डीबीडीएम/आर. 40ए./एसपीडी 64/93-94—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 19 (1) (8) (सी) के अन्तर्गत बनाए गए चिल्ड्रेन कालेज और कॅरियर फंड यूनिट प्लान-1993 और भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 21 के अन्तर्गत बनाये गये तथा 3 जून 1993 को आयोजित बैठक में कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित चिल्ड्रेन कालेज और कॅरियर फंड यूनिट योजना के उपबंध इसके नीचे प्रकाशित किये जाते हैं ।

चिल्ड्रेन कालेज और कॅरियर फंड यूनिट योजना-1993

(सीसीसीएफ-93)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनिय 1963 (1963 का 52) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय यूनिट का बोर्ड इसके द्वारा निम्नलिखित यूनिट योजना बनाता है :—

1. संक्षिप्त शीर्षक और आरम्भ

(क) यह योजना चिल्ड्रेन कालेज और कॅरियर फंड यूनिट योजना 1993 (सीसीसीएफ-93) कही जाएगी ।

योजना का उद्देश्य

बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिये प्रावधान करना और उन्हें अपना प्रैक्टिस/व्यवसाय स्थापित करने में उनकी सहायता करना ।

(ख) यह 12 जुलाई 1993 को लागू होगी ।

(ग) लेखा बन्दी को छोड़कर यूनिटों की बिक्री साल भर चलती रहेगी ।

लेकिन, अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी यथानिर्णीत समाचार पत्रों या अन्य माध्यम से एक सप्ताह की अग्रिम नोटिस देकर किसी भी समय योजना के अंतर्गत यूनिट की बिक्री स्थगित कर सकते हैं ।

2. परिभाषाएं

इस योजना में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित नहीं हो—

(क) "अधिनियम" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 है ।

(ख) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट या ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिये उसकी ओर से सम्यक रूप से प्राधिकृत उसके वसूली एजेंट को आवेदक द्वारा किये गये आवेदन के संदर्भ में उस दिन से है, जिस दिन यथास्थिति, ट्रस्ट या उसका प्राधिकृत वसूली एजेंट इस बात से संतुष्ट होकर कि आवेदन सही है, उसे स्वीकार करता है;

(ग) "वैकल्पिक बच्चे" का अर्थ ऐसे बच्चे से, भिन्न बच्चे से है, जिसके पक्ष में यूनिट जारी किये गये थे और जैसा कि इस योजना के खंड 6 में विनिर्दिष्ट है;

(घ) "आवेदक" का अर्थ उस व्यक्ति (और नाबालिग निवासी या अनिवासी) कम्पनी, निगमित निकाय, पात्र संस्था (सहकारी समितियों को छोड़कर) या सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा नियुक्त अभिभावक से है, जो इस योजना के खण्ड 4 के अंतर्गत आवेदन करता है;

(ङ) "आवेदन" का अर्थ योजना के खंड 4 में संदर्भित आवेदन से है;

(च) "बच्चा" का अर्थ ऐसा बच्चा (पुरुष या स्त्री) से है जो 15 वर्ष से अधिक उम्र (अर्थात् उसके 15वें जन्मदिन तक) का नहीं हो;

(छ) "पात्र संस्था" का अर्थ ऐसे पात्र न्यास से है जैसा कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट साधारण विनियम 1964 में परिभाषित है और उसमें लिखित रूप में किसी लिखत द्वारा गठित निजी न्यास शामिल है तथा अपरिवर्तनीय या धर्मार्थ या धार्मिक न्यास या धर्मादा या या पंजीकृत समिति (सहकारी समितियों को छोड़कर) होने के बावजूद तत्समय प्रवृत्त केन्द्रीय या राज्य अधिनियम की उपबंधों द्वारा या उसके अधीन शासित, नियंत्रित या पर्यवेक्षित होते हैं ।

(ज) "मान्यता प्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ ऐसे शेयर-बाजार से है, जो प्रतिभूति संविदा (विनियमावली) अधिनियम 1956 (1956 का 42) के तहत उस समय मान्यताप्राप्त हो ।

(झ) "विनियम" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के तहत बनाये गये भारतीय यूनिट ट्रस्ट, साधारण विनियम 1964 से है ।

(ञ) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य के अविभक्त शेयर से है ।

(ट) अन्य सभी अभिव्यक्तियां जिनकी परिभाषाएं इसमें नहीं दी गई हैं, लेकिन अधिनियम में परिभाषित की गई हैं; के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम द्वारा दिये गये हैं ।

(ठ) पुरुष-बच्चे के सभी संदर्भों में स्त्री-बच्चे भी शामिल हैं ।

3. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा । न्यूनतम निवेश 200 यूनिट के लिए (अर्थात् 2000/- रु.) और इसके बाद 50 यूनिटों के गुणजों में, जिसकी कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

4. यूनिटों के लिये आवेदन

इस योजना के अंतर्गत यूनिट के लिये आवेदन भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदन की तिथि को, 15 वर्ष की उम्र तक के किसी संतान के लाभ के लिए किसी वयस्क अर्थात् मां-बाप, संबंधी या मित्र (किसी निवासी संतान के पक्ष में निवासी/अनिवासी), कम्पनी निगमित निकाय, पात्र संस्था (सहकारी समितियों को छोड़कर) या न्यायालय द्वारा नियुक्त इस योजना में भाग लेने के इच्छुक अभिभावक द्वारा किया जा सकता है ।

4. अ. प्रोत्साहन

1. प्रोत्साहन ऐसे 1000 सदस्यों को दिए जाएंगे, जो 12 जुलाई 1993 से 30 सितम्बर 1993 के बीच इस योजना में शामिल होंगे ।

2. प्रत्येक अंचल में 250 हिताधिकारियों की पहचान की जाएगी चाहे निवेश की राशि जो भी हो ।

3. प्रत्येक अंचल का पुनर्विभाजन राज्यों/क्षेत्रों में किया जाएगा । प्रत्येक राज्य/क्षेत्र में छात्रवृत्ति के पात्र सदस्यों की संख्या उस राज्य/क्षेत्र से संचालक व्यवसाय को प्राप्त आवेदनों की संख्या के अनुपात में होगी ।

4. परिचालन सुविधा के लिये प्रत्येक अंचल को निम्नलिखित राज्यों/क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा :—

(क) पश्चिमी अंचल (1) महाराष्ट्र (2) गुजरात (दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघशासित क्षेत्र सहित) (3) मध्य प्रदेश और (4) गोवा ।

(ख) दक्षिणी अंचल (1) तमिलनाडु (संघ शासित क्षेत्र पांडिचेरी, लक्षद्वीप और मिनिकाय तथा अमीनदीवी द्वीप सहित) (2) कर्नाटक (3) केरल और (4) आंध्र प्रदेश ।

(ग) पूर्वी अंचल (1) पश्चिम बंगाल (संघशासित क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) (2) सभी उत्तर-पूर्वी राज्य (मिजोरम, नागालैंड, असम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मणिपुर) (3) बिहार और (4) उड़ीसा ।

(घ) उत्तरी अंचल (1) पंजाब (2) हरियाणा (3) उत्तर प्रदेश (4) हिमाचल प्रदेश (5) दिल्ली (6) संघशासित क्षेत्र चंडीगढ़ तथा जम्मू और कश्मीर राज्य ।

5. हिताधिकारियों का चयन कंप्यूटरीय ढंग से लकी ड्रा के द्वारा किया जाएगा ।

6. 18 वर्ष की उम्र प्राप्त करने वालों को प्रतिवर्ष 2000/- रु. की छात्रवृत्ति तीन वर्षों के लिये दी जाएगी ।

7. प्रोत्साहन के भुगतान पर व्यय 20 लाख रु. वार्षिक दर से 60 लाख रु. (साठ लाख रुपये मात्र) होगा अर्थात् 1000 हिताधिकारी × 2000 रु. × 3 वर्ष=60,00,000/-

5. भुगतान विधि

(1) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट में किया जाएगा । जिस शहर में स्थित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, चेकों या ड्राफ्टों का आहरण उसी शहर में बैंकों की शाखाओं पर किया जाना चाहिये ।

(2) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि वह होगी, जिस तिथि को ट्रस्ट द्वारा चेक, बशर्ते कि उस चेक की वसूली हो, प्राप्त किया जाएगा । यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति-तिथि उस ड्राफ्ट की निर्गत-तिथि होगी, बशर्ते कि ऐसे ड्राफ्ट की वसूली हो और ट्रस्ट को आवेदन उस समय तक प्राप्त हो जाए, जो ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझा जाए । यदि आवेदित यूनिट के लिये किये गये भुगतान की राशि आवेदित यूनिटों के लिये देय राशि से कम हो तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी की जाएगी, जितनी इस योजना में जारी की जा सकती है । शेष राशि उसको उसके ही खर्च पर ऐसी रीति से लौटा दी जाएगी, जिसे ट्रस्ट उचित समझे ।

6. वैकल्पिक बच्चे को शामिल करना

योजना में शामिल होने के इच्छुक आवेदक आवेदन करते समय या योजना में बच्चे के भाग लेने की अवधि में किसी भी समय आवेदन में यह उल्लेख कर सकता है कि 18 वर्ष की उम्र पूरी करने (15-10-1980 को जन्मे सन्तान की 18 वर्ष की उम्र 15-10-1998 को पूरी होगी) के पूर्व संतान की मृत्यु हो जाने की दशा में आवेदन में उसके बदले में उल्लिखित अन्य संतान इसके बावजूद कि आवेदन करते समय वह 15 वर्ष की उम्र का नहीं था, प्रथमोल्लिखित बच्चे के सभी अधिकारों का हकदार होगा । 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के पहले प्रथमोल्लिखित बच्चे की मृत्यु हो जाने पर भी योजना के उपबन्ध लागू रहेंगे, मानो जीवित दूसरे उल्लिखित बच्चे ही आवेदन में उल्लिखित एकमात्र संतान रही हो ।

7. आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार

ट्रस्ट को इस योजना के तहत यूनिट के लिये आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

इस योजना के तहत आवेदन करने की किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा संबंधी ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा ।

अपूर्ण आवेदन अस्वीकरण का दायी होगा

यदि कोई आवेदन अपूर्ण पाया जाएगा तो वह अस्वीकरण का दायी होगा और ऐसे आवेदन राशि की ब्याज रहित वापसी ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र की जाएगी ।

8. यूनिटों की बिक्री

ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति-तिथि को समाप्त समझी जाएगी । बिक्री की संविदा के ऐसे समापन के बाद यथास्थिति ट्रस्ट या उसका प्राधिकृत वसूली एजेन्ट आवेदक को यथाशीघ्र उसके लिये पावती भेजेगा ।

9. ट्रस्ट द्वारा केवल सदस्य को मान्यता दी जाएगी

योजना और उसके अंतर्गत बनाये गये प्लान के तहत जारी यूनीट के लिए उसकी सदस्यता के संबंध में किसी सदस्य को यूनिट प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा । फिर भी, उन्हें एक सदस्यता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा, जिसमें उनकी पोलियो संख्या, सदस्य का नाम और योजना तथा उसके अंतर्गत बनाये गये प्लान के तहत जारी यूनिटों की संख्या ही रहेगी । ट्रस्ट ऐसे प्रेषित सदस्यता प्रमाणपत्र के खो जाने, टूट-फूट जाने, गलत रापुर्दगी या सुपुर्दगी नहीं होने का कोई दायित्व वहन नहीं करेगा । योजना के तहत जारी यूनिटों का अधिकार केवल उस बच्चे में निहित होगा, जिसके नाम से ट्रस्ट द्वारा सदस्यता प्रमाणपत्र जारी किया गया है और इस योजना की शर्तों के अनुसार वह बच्चे ही उसका धारक होगा । जिस आवेदक के कहने पर बच्चे के पक्ष में यूनिट जारी की गयी हो, उसे इन यूनिटों से संबंधित कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं होगा ।

10. सदस्यता प्रमाणपत्र के संबंध में ट्रस्ट द्वारा मान्यता जिस बच्चे के नाम से सदस्यता प्रमाणपत्र जारी किया गया हो, केवल उसी व्यक्ति को ट्रस्ट के द्वारा सदस्य के रूप में मान्यता दी जाएगी और जो सदस्यता प्रमाणपत्र तथा यूनिट उसके नाम से है, उनमें उसका अधिकार, हक और हित होगा, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और किसी भी ट्रस्ट द्वारा बाध्य नहीं किया जाएगा या उस बात को छोड़कर, जैसा इसमें व्यक्त रूप में कहा गया हो या सक्षम अधिकार वाले किसी न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि किसी सदस्य प्रमाणपत्र या उसकी यूनिटों में निहित हक को प्रभावित करने वाले किसी ट्रस्ट या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए ।

11. सदस्यता प्रमाणपत्र का विनिमय और उसके फटे-पटे, विरूपित होने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया ।

उक्त प्रयोजना के लिये योजना और उसके अंतर्गत प्लान के तहत सदस्य को ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करना होगा जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाये जाएंगे/अपेक्षित होंगे ।

12. निधि का पूंजीकरण

सदस्य को निधि की वृद्धि के आधार पर समय-समय पर बोनस यूनिट (तीसरे दशमलव भाग तक) आबंटित की जाएगी और ये यूनिटें उसके यूनिट खाते में जमा कर दी जाएंगी । शामिल होने के प्रथम लेखा वर्ष (जुलाई-जून) में बोनस यूनिट शामिल होने की तिथि के आधार पर समानुपात जारी किये जाएंगे अर्थात, यदि शामिल होने की तिथि 5 मार्च है तो सदस्य को चार महीने (मार्च, अप्रैल, मई और जून) के लिये बोनस का आबंटन मिलेगा । नीचे दी गई विस्तृत सारणी में 25 वर्ष तक की अवधि के लिये यह जानकर कि (क) बोनस यूनिट का आबंटन हरेक वर्ष किया जाएगा, (ख) 14 : 100 की दर पर पूंजीकरण होगा और (ग) कोई आहरण नहीं किया जाएगा, यूनिट के कुल संचय का उल्लेख किया गया है ।

सारणी I

(हरेक 100 यूनिटों के निवेश के लिए)
(निकटतम 10 यूनिट के पूर्णांक में)

निवेश की अवधि	यूनिटों की कुल सं०	निवेश की अवधि	यूनिटों की कुल सं०
3 वर्ष	150		
4 वर्ष	170	15 वर्ष	720
5 वर्ष	190	16 वर्ष	820
6 वर्ष	220	17 वर्ष	930
7 वर्ष	250	18 वर्ष	1070
8 वर्ष	290	19 वर्ष	1210
9 वर्ष	330	20 वर्ष	1380
10 वर्ष	370	21 वर्ष	1570
11 वर्ष	430	22 वर्ष	1790
12 वर्ष	490	23 वर्ष	2070
13 वर्ष	550	24 वर्ष	2320
14 वर्ष	630	25 वर्ष	2650

15-10-1980 को जन्मे बच्चे की 18 वर्ष की उम्र 15-10-1998 को पूरी होगी ।

13. बोनस यूनिट का संचयन

बोनस यूनिट के आवधिक संचयन का आधार निधि के मूल्य में वृद्धि तथा आवेदन की तिथि/बोनस यूनिट के पूर्ववर्ती आवंटन की तिथि होगा। अंतिम आहरण के समय पूर्ववर्ती लेखा वर्ष के 30 जून बाद आंशिक अवधि के लिये भी अतिरिक्त बोनस यूनिट जारी की जाएंगी। अतिरिक्त बोनस यूनिटें, जो सदस्य के बकाया यूनिट खाते में जमा की जाएगी, की सही संख्या के निर्धारण के लिये नीचे सारणी में दिये गये मासिक गुणनखंड का प्रयोग किया जाएगा।

सारणी II

मासिक गुणन खण्ड			
उम्र पूरी होने के बाद महीने	गुणन खंड	उम्र पूरी होने के बाद महीने	गणन खण्ड
1	1.0116	7	1.0817
2	1.0233	8	1.0933
3	1.0350	9	1.1050
4	1.0466	10	1.1167
5	1.0583	11	1.1283
6	1.0700		

उदाहरणार्थ, यदि आहरण तिथि 10 अक्तूबर है और पिछले 30 जून को संचित कुल यूनिटें 1000 हैं तो सदस्य कुल 1035 यूनिटों का आहरण करने का हकदार होगा (ये 35 अतिरिक्त बोनस यूनिट जुलाई, अगस्त और सितम्बर माह के लिये सदस्य के खाते में जमा होंगे)।

14. आहरण

प्रत्येक सदस्य के 18वें जन्म-दिन के पूर्ववर्ती 30 जून को निधि में हुई वृद्धि, जो पहले बोनस यूनिट में परिवर्तित नहीं किया गया था, बोनस यूनिटों में परिवर्तित की जाएगी।

सदस्य के 18 वें जन्म दिन के पूर्ववर्ती 30 जून को सदस्य के खाते में जमा बकाया यूनिट के अंकित मूल्य के आधार पर 18 वर्ष पूरे होने के बाद और 23 वर्ष पूरे होने के पहले आहरण की अनुमति सारणी 3 में अंकित सीमा के अनुसार दी जाएगी। लेकिन, अनुमति योग्य सीमा की भीतर वर्ष में अधिकतम दो बार ऐसे आहरण करने की अनुमति दी जाएगी।

सारणी III

18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद और	आहरण की सीमा
19 वर्ष पूरी होने के पहले 50%	सदस्य के 18 वें जन्मदिन के
20 वर्ष पूरी होने के पहले 60%	पूर्व वर्ती 30 जून को बकाया
21 वर्ष पूरी होने के पहले 70%	संचित यूनिट का
22 वर्ष पूरी होने के पहले 80%	
23 वर्ष पूरी होने के पहले 90%	(सदस्य की 28 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद निर्गत अतिरिक्त बोनस यूनिट छोड़कर)
23 वर्ष पूरी होने के बाद 100%	संचयी बोनस यूनिट सहित बकाया यूनिट का

15-10-1980 को जन्मे बच्चे की 18 वर्ष की उम्र 15-10-1998 को पूरी होगी।

उदाहरणार्थ

यदि किसी सदस्य ने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद बकाया यूनिट के 50% का आहरण नहीं किया हो और 23 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले आहरण करना चाहता हो तो सदस्य को कुल यूनिट, जो उसे 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्ववर्ती 30 जून को आवंटित की गई थी, के 90% (50% + 40%) का आहरण की अनुमति दी जाएगी। दूसरी ओर यदि सदस्य ने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद कुल यूनिट के 50% का आहरण पहले ही कर ली हो, और 23 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले आहरण करना चाहता हो तो वह 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्ववर्ती 30 जून को बकाया कुल यूनिट के 40% का आहरण का पात्र होगा।

15. समयपूर्व/अनियत आहरण

समयपूर्व/अनियत आहरण के मामले में आंशिक आहरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्व पूर्ण आहरण की अनुमति ट्रस्ट के पूर्ण विवेक पर केवल विशेष परिस्थितियों में (अर्थात् बच्चे की गंभीर बीमारी) समय-समय पर ट्रस्ट विहित उपयुक्त सेवा-प्रभार घटाने के बाद दी जा सकती है। 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद पूर्ण आहरण की अनुमति अनुमत सीमा से अधिक आहरण और 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद आवंटित अतिरिक्त बोनस यूनिट पर 1% सेवा प्रभार घटाने के बाद दी जाएगी। उदाहरणार्थ, यदि किसी सदस्य को 22 वर्ष पूरी करने के पहले उक्त विशेष परिस्थितियों में पूर्ण आहरण (अर्थात् उसके खाते में जमा कुल संचित यूनिट) की अनुमति दी जाती है तो बकाया यूनिट के 20% का और 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद सदस्य को जारी अतिरिक्त बोनस यूनिट में 1% सेवा प्रभार की कटौती की जाएगी (क्योंकि वह तालिका 3 के अनुसार कुल बकाया यूनिट के केवल 80% का आहरण का पात्र होगा)।

16. जिस बच्चे के पक्ष में यूनिट जारी किए गए, उसकी मृत्यु हो जाने पर :

(क) जिस बच्चे के पक्ष में यूनिटें जारी की गयी हैं, 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले उसकी मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट

इसके खण्ड 6 में उल्लिखित बातों पर गौर करेगा और मृत बच्चे की पक्ष में जारी यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में वैकल्पिक बच्चा, यदि हो, की पहचान करेगा ।

(ख) बच्चे की मृत्यु हो जाने पर वैकल्पिक बच्चा 18 वर्ष की उम्र पूरी होने तक योजना में बना रहेगा बशर्ते कि आवेदक योजना में वैकल्पिक बच्चे के बने रह सकने के लिए उससे संबंधित और मांगे जाने पर आवश्यक सभी विवरण ट्रस्ट को प्रस्तुत करे ।

(ग) सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद कभी भी सदस्य को क्रमिक नामांकन आधार पर दो व्यक्तियों तक को नामांकित करने की अनुमति दी जाएगी, अन्यथा सदस्य की मृत्यु होने पर वैकल्पिक बच्चे को हिताधिकारी मान लिया जाएगा ।

(घ) 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले बच्चे की मृत्यु हो जाने पर और जहां किसी वैकल्पिक बच्चे का नाम नहीं दिया गया है, वहां सदस्य का कानूनी वारिस या निष्पादक या मृत संतान का प्रशासन या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम (1925 का 39) के भाग 10 के अधीन निर्गत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे ट्रस्ट द्वारा यूनिट के हकदार के रूप में मान्यता दी जाएगी ।

(ङ) संतान की मृत्यु के फलस्वरूप यूनिट के हकदार व्यक्ति द्वारा ऐसा साक्ष्य, जिसे ट्रस्ट उसके हक के लिए पर्याप्त समझे, प्रस्तुत किए जाने के बाद तथा दावेदार द्वारा दावे से संबंधित सारी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद मृत संतान के खाते में जमा सभी बकाया यूनिटों के मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(च) बच्चा और वैकल्पिक बच्चे की एक साथ मृत्यु हो जाने पर, जहां एक नामांकित किया गया है, मृत बच्चे के कानूनी वारिस को ही मृत बच्चे के खाते में जमा यूनिट के लिए दावा करने का अधिकार होगा । वैकल्पिक बच्चे का कानूनी वारिस कोई दावा नहीं कर सकेगा ।

(छ) पात्र संस्थाएं, कम्पनी, निगमित निकाय से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे योजना में निवेश के लिए राशि अलग रखते हुए और न्यासी के रूप में संस्थाओं या व्यक्तियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए न्यास विलेख या अन्य उपयुक्त दस्तावेज का निष्पादन करे । न्यास विलेख या अन्य उपयुक्त दस्तावेज में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपबंध भी होंगे :—

(1) योजना में निवेशित राशि 18 वर्ष पूरी होने के बाद सदस्य द्वारा ऐसी रीति से प्राप्त की जा सकती है, जैसी इसमें ऊपर खण्ड 14 में उपबंधित है ।

(2) सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्व संस्था राशि का दावा करने की स्थिति में नहीं होगा, क्योंकि योजना और उसके तहत बने प्लान का उद्देश्य निदेशकों को अपरिवर्तनीय दान के रूप में बच्चे के नाम से निवेश करने का अवसर प्रदान करना है ।

(3) 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के पूर्व बच्चे की मृत्यु हो जाने पर भी संस्थान को देय राशि का भुगतान किया जा सकता है या उस समय तक 15 वर्ष तक की उम्र के वैकल्पिक बच्चे का नामांकन करने का विकल्प दिया जा सकता है, बशर्ते कि आवेदन करते समय या उसके बाद कभी किसी ऐसे नाम की घोषणा नहीं की गई हो । इन परिस्थितियों में लाभ ऐसे नामित वैकल्पिक बच्चे के लिए जमा होगा । यदि कोई नामित विकल्प संतान नहीं हो, तो 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के पहले संतान की मृत्यु हो जाने पर बकाया यूनिट का मूल्य संस्था को देय होगा और संस्था उसे प्राप्त करने का हकदार होगी ।

17. यूनिट का अंतरण

योजना के तहत निर्गत यूनिट समनुदेशनीय, अंतरणीय या गिरवी रखने योग्य नहीं होंगे ।

18. स्कीम के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का निवेश

योजना और उसके तहत बने प्लान के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का निवेश कम्पनियों की इक्विटी, परिवर्तनीय और अपरिवर्तनीय ऋणपत्रों तथा अन्य पूंजी और मुद्रा बाजार लिखतों में किया जाएगा, लेकिन कुल निवेश योग्य निधियों के 40% से अधिक का निवेश इक्विटी शेयरों में नहीं किया जाएगा

19. निवेश सीमा

(क) योजना की निधियों से ट्रस्ट द्वारा किसी एक कम्पनी की प्रतिभूतियों में निवेश उस कम्पनी की निर्गत और बकाया प्रतिभूतियों के 15% से अधिक नहीं होगी । लेकिन नए औद्योगिक उपक्रम द्वारा निर्गत प्रारंभिक पूंजी में कुल निवेश कभी भी उक्त निधियों की कुल राशि के 5% से अधिक नहीं होगा ।

(ख) उप-खण्ड (1) में विहित सीमा किसी कम्पनी के बांड, ऋणपत्र और जमा राशि, चाहे सुरक्षित हो या नहीं, में ट्रस्ट द्वारा किए गए निवेश पर लागू नहीं होगा ।

20. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन

(1) खंड (11) के उप-खंड (ख) और (ग) के अंतर्गत आस्तियों के मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ आस्तियों का वर्गीकरण (क) नकदी (ख) निवेश और (ग) अन्य आस्तियों में किया जाएगा ।

(2) निवेश के मूल्यांकन में निम्नलिखित को लिया जाएगा :

I. (क) जिस दिन योजना से संबंधित ट्रस्ट द्वारा धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाएगा, उसके पूर्ववर्ती कार्य दिवस को शेयर बाजार में बंद मूल्य; लेकिन जहां प्रतिभूति एक से अधिक शेयर बाजार में कोट किया जाता है, वहां ऐसी प्रतिभूति के मूल्य के निर्धारण की विधि से संबंधित निर्णय ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा ।

(ख) जहां संबंधित अवधि में किसी निवेश का सौदा नहीं हुआ हो या किसी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार में कोट नहीं हुआ हो, वहां ऐसी परिस्थितियों में ट्रस्ट जो मूल्य निर्धारित करे वह ऐसे निवेश का उचित मूल्य होगा; और

ii. उसमें जोड़े—

(क) ब्याज अर्जित करने वाली जमा राशियों के मामले में, उपचित लेकिन नहीं किया गया ब्याज;

(ख) सरकारी प्रतिभूतियों और ऋणपत्रों के मामले में उपचित लेकिन जमा नहीं किया गया ब्याज, और

(ग) कोट किये गये लाभांश रहित अधिमान शेयर और इक्विटी शेयर के मामले में घोषित लेकिन अप्राप्त लाभांश ।

iii. अन्य आस्तियों का मूल्यांकन उनके बही मूल्य पर किया जाएगा ।

21. आवेदकों की पंजी

आवेदकों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध किये जाते हैं :

(1) ट्रस्ट द्वारा आवेदकों की पंजी उसके कार्यालय में रखी जाएगी और पंजी में निम्नलिखित दर्ज किये जाएंगे :

(क) आवेदकों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता प्रमाणपत्र की विभेदक संख्या और हरेक बच्चे द्वारा धारित यूनिटों की संख्या, तथा

(ग) बच्चे के नाम से यूनिट जारी करने की तिथि।

(2) किसी भी आवेदक के नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी । ऐसे परिवर्तन का समाधान हो जाने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन किया जाएगा ।

(3) इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार पंजीबन्दी के अलावा कार्य समय के दौरान बिना शुल्क के किसी भी आवेदक के निरीक्षण के लिये पंजी खुली रहेगी (ट्रस्ट उपयुक्त प्रतिबंध लगा सकता है, लेकिन प्रत्येक कार्यदिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) ।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित समय और अवधियों के लिये पंजी बंद रखी जाएगी, लेकिन एक वर्ष में 30 दिन से अधिक के लिये यह बंद नहीं रखी जाएगी; ट्रस्ट बोर्ड के निर्देशानुसार समाचार पत्रों में विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा ।

(5) किसी अभिव्यक्त, विवक्षित या आन्वयिक न्यास की कोई सूचना किसी यूनिट से संबंधित पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

22. ट्रस्ट के उन्मोचन के लिये सदस्य की रसीद

प्रमाण पत्र में अंकित यूनिट के संबंध में मां-बाप/विधिक अभिभावक/वयस्क संतान को प्रदत्त राशि के लिए उनके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के लिए अच्छा उन्मोचन होगा ।

23. लेखों का प्रकाशन

प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र ट्रस्ट 30 जून को समाप्य अवधि में योजना के कार्यों को दर्शाते हुए बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखा प्रकाशित करेगा । किसी सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर ट्रस्ट ऐसे प्रकाशित लेखे की प्रतिलिपि उसे भेजेगा ।

24. स्कीम में परिवर्धन और संशोधन

बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और ऐसे संशोधन/परिवर्धन को कार्यालयीन गजट में अधिसूचित करेगा ।

25. आवेदक के लिये योजना की बाध्यकारी होना

योजना की शर्तें के साथ-साथ समय-समय पर उसमें किए गये संशोधन परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उनके माध्यम से दावा करने वाले अन्य व्यक्ति, मानो वह व्यक्त रूप से सहमत हो कि वह उसमें बाध्य होगा, के लिये बाध्यकारी होंगे ।

26. योजना की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाएगी

सभी संशोधनों सहित इस योजना की प्रतिलिपि ट्रस्ट के कार्यालयों में पूरे कार्य-समय के दौरान निरीक्षण के लिये उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी व्यक्ति को आवेदन करने तथा 5/- रु. का भुगतान करने पर ट्रस्ट द्वारा उसकी आपूर्ति की जाएगी ।

27. सदस्यों को लाभ

योजना की समाप्ति के समय पंजी रिजर्व और अधिशेष, यदि हो, के संबंध में योजना के अंतर्गत उपस्थित सभी लाभ इसकी समाप्ति तक योजना की पूरी अवधि के लिए यूनिट रखने वाली संतान को ही उपलब्ध कराई जाएगी ।

28. उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार

योजना के किसी उपबंधों के निर्वचन में कोई सन्देह उत्पन्न होने पर अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय अंतिम, निश्चायक और बाध्यकारी होगा ।

29. उपबंधों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन

अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज परिचालन के लिए योजना के किसी उपबंध को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं, यदि किसी यूनिटधारक या यूनिट धारक वर्ग के लिए ऐसा करना उचित समझा जाए ।

30. स्कीम की समाप्ति

यदि ट्रस्ट को यह प्रतीत हो कि स्कीम की समाप्ति समीचीन है तो ट्रस्ट का यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह बिना कारण बताए अपने निर्णय के अनुसार किसी अन्य समाचारपत्र या अन्य माध्यम के द्वारा अधिकतम दो सप्ताह की नोटिस देते हुए किसी भी समय स्कीम को समाप्त कर सकता है ।

चिल्ड्रेन कालेज और कैरियर फण्ड यूनिट प्लान—1993 (सीसीसीएफ-93)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय यूनिट ट्रस्ट का बोर्ड इसके द्वारा निम्नलिखित यूनिट प्लान बनाता है :

यह प्लान चिल्ड्रेन कालेज एण्ड कैरियर फण्ड यूनिट प्लान कहा जाएगा और 12 जुलाई 1993 को प्रवृत्त होगा ।

1. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपए होगा । न्यूनतम निवेश 200 यूनिट के लिए (अर्थात् 2000/- रुपए) और उस के बाद 50 यूनिटों के गुणक में, जिसकी कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

2. यूनिटों के लिए आवेदन

इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन, आवेदन की तिथि को 15 वर्ष तक की उम्र के किसी बच्चे के लाभ के लिए किसी वयस्क व्यक्ति, (किसी निवासी बच्चे के पक्ष में निवासी/अनिवासी) कम्पनी, निगमित निकाय, पात्र संस्था (सहकारी समितियों को छोड़कर) या न्यायालय द्वारा नियुक्त इस योजना में भाग लेने के इच्छुक अभिभावक द्वारा किया जा सकता है ।

3. भुगतान-विधि

(1) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन के साथ नकदी, चेक या ड्राफ्ट में किया जाएगा । जिस शहर में स्थित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, चेकों या ड्राफ्टों का आहरण उसी शहरों के बैंकों की शाखाओं पर किया जाना चाहिए ।

(2) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि वह होगी, जिस तिथि से ट्रस्ट द्वारा चेक, (बशर्ते कि उस चेक की वसूली हो), प्राप्त किया जाएगा । यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा तो स्वीकृति तिथि उस ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते कि ऐसे ड्राफ्ट की वसूली हो और ट्रस्ट को आवेदन उस समय तक प्राप्त हो जाए, जो उपयुक्त समझा जाए यदि आवेदित यूनिटों के लिए किए गए भुगतान की राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिटें जारी की जाएंगी जितनी इस योजना में जारी की जा सकती है । शेष राशि उसको उन्हीं के खर्च पर इस रीति से लौटा दी जाएगी, जिसे ट्रस्ट उचित समझेगा।

4. यूनिटों की बिक्री

ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति तिथि को समाप्त समझी जाएगी । बिक्री की संविदा के ऐसे समापन के बाद यथास्थिति, ट्रस्ट या उसका प्राधिकृत दलाली एजेन्ट आवेदक को यथाशीघ्र उनके लिए पावती भेजेगा । सदस्यता-प्रमाणपत्र जिसमें बच्चे के पक्ष में जारी यूनिट और बच्चे का नाम रहेगा, आवेदक द्वारा दिए गए पते पर भेजा जाएगा; इस प्रकार प्रेषित सदस्यता प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत सुपर्दगी होने या सुपर्दगी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट का नहीं होगा ।

5. निधि का पूंजीकरण

निधि की वृद्धि के आधार पर सदस्य को समय-समय पर बोनस यूनिटें आवंटित की जाएंगी और ये यूनिटें उनके यूनिट खाते में जमा कर दी जाएंगी । शामिल होने के प्रथम लेखा वर्ष (जुलाई—जून) में बोनस यूनिट शामिल होने की तिथि के आधार पर यथानुपात जारी किए जाएंगे । निम्न विस्तृत सारणी में 25 वर्ष तक की अवधि के लिए यह मानकर कि—(क) बोनस यूनिट का आबंटन हरेक वर्ष किया जाएगा, (ख) 14 : 100 की दर पर पूंजीकरण होगा और (ग) कोई आहरण नहीं की जाएगी, यूनिटों के कुल संचय का उल्लेख किया गया है ।

सारणी I

(हरेक 100 यूनिटों के निवेश के लिए)
(निकटतम 10 यूनिट के गुणांक में)

निवेश की अवधि	यूनिटों की कुल सं०	निवेश की अवधि	यूनिटों की कुल सं०
3 वर्ष	150		
4 वर्ष	170	15 वर्ष	720
5 वर्ष	190	16 वर्ष	820
6 वर्ष	220	17 वर्ष	930
7 वर्ष	250	18 वर्ष	1970
8 वर्ष	290	19 वर्ष	1210
9 वर्ष	330	20 वर्ष	1380
10 वर्ष	370	21 वर्ष	1570
11 वर्ष	430	22 वर्ष	1790
12 वर्ष	490	23 वर्ष	2070
13 वर्ष	550	24 वर्ष	2320
14 वर्ष	630	25 वर्ष	2650

15-10-1980 को जन्मे बच्चे की 18 वर्ष की उम्र 15-10-1998 को पूरी होगी ।

टिप्पणी : वास्तविक विकास का आधार निधि की वृद्धि होगा ।

6. बोनस यूनिटों का संचय

बोनस यूनिटों के आवधिक संचय का अधिकार निधि के मूल्य में वृद्धि तथा आवेदन की तिथि, बोनस यूनिट के पूर्ववर्ती आबंटन की तिथि होगी । अन्तिम आहरण के समय पूर्ववर्ती लेखा वर्ष के 30 जून के बाद आंशिक अवधि के लिए भी अतिरिक्त बोनस यूनिट जारी की जाएगी । अतिरिक्त बोनस यूनियन जो सदस्य के बकाया यूनिट खाते में जमा

की जाएगी की सही संख्या के निर्धारण के लिए नीचे सारणी में "दिये गये मासिक गुणन खण्ड" का प्रयोग किया जाएगा ।

सारणी II

	मासिक	गुणन	खंड
उम्र पूरी होने के बाद महीने	गुणन खंड	उम्र पूरी होने के बाद महीने	गुणन खंड
1	1.0116	7	1.0817
2	1.0233	8	1.0933
3	1.0350	9	1.1050
4	1.0466	10	1.1167
5	1.0583	11	1.1283
6	1.0700		

7. आहरण

प्रत्येक सदस्य के 18वें जन्म-दिन के पूर्ववर्ती 30 जून को निधि में हुई प्रवृत्ति, जो पहले बोनस यूनिटों में परिवर्तित नहीं किया गया था, बोनस यूनिटों में परिवर्तित की जाएगी ।

सदस्य के 18वें जन्मदिन के पूर्ववर्ती 30 जून को सदस्य के खाते में जमा बकाया यूनिट के अंकित मूल्य के आधार पर 18 वर्ष होने के बाद और 23 वर्ष पूरे होने के पहले आहरण की अनुमति सारणी 3 में अंकित सीमा के अनुसार दी जाएगी । लेकिन, अनुमति योग्य सीमा के भीतर वर्ष में अधिकतम दो बार ऐसे आहरण करने की अनुमति दी जाएगी ।

सारणी III

18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद और	आहरण की सीमा	
19 वर्ष पूरी होने के पहले	50%	सदस्य के 18वें जन्मदिन के
20 वर्ष पूरी होने के पहले	60%	पूर्ववर्ती 30 जून को बकाया
21 वर्ष पूरी होने के पहले	70%	संचित यूनिट का
22 वर्ष पूरी होने के पहले	80%	
23 वर्ष पूरी होने के पहले	90%	(सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद निर्मत अतिरिक्त बोनस यूनिट छोड़कर)
23 वर्ष पूरी होने के बाद	100	संचयी बोनस यूनिट सहित बकाया यूनिट का

15-10-1980 को जन्मे बच्चे की 18 वर्ष की उम्र 15-10-1998 को पूरी होगी ।

उदाहरणार्थ

यदि किसी सदस्य ने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद बकाया यूनिट के 50% का आहरण नहीं किया हो और 23 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले आहरण करना चाहता हो तो सदस्य को कुल यूनिट, जो उसे 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्ववर्ती 30 जून को आबंटित की गई थी, के 90% (50% + 40%) का आहरण की अनुमति दी जाएगी । दूसरी ओर यदि सदस्य ने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद कुल यूनिट के 50% का आहरण पहले ही कर ली हो, और 23 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले आहरण करना चाहता हो तो वह 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्ववर्ती 30 जून को बकाया कुल यूनिट के 40% का आहरण का पात्र होगा ।

8. समयपूर्व/अनियत आहरण

समय पूर्व/अनियत आहरण के मामले में आंशिक आहरण की अनुमति नहीं दी जाएगी । किसी सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्व पूर्ण आहरण की अनुमति ट्रस्ट के पूर्ण विवेक पर केवल विशेष परिस्थितियों में (अर्थात् बच्चे की गंभीर बीमारी) समय-समय पर ट्रस्ट विहित उपयुक्त सेवा-प्रभार घटाने के बाद दी जा सकती है । 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद पूर्ण आहरण की अनुमति अनुमत सीमा से अधिक आहरण और 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद आबंटित अतिरिक्त बोनस यूनिट पर 1% सेवा प्रभार घटाने के बाद दी जाएगी ।

9. जिस बच्चे के पक्ष में यूनिट जारी किए गए, उसकी मृत्यु :

(क) जिस बच्चे के पक्ष में यूनिट जारी की गयी हैं, 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले उसकी मृत्यु होने पर ट्रस्ट इसके खंड 6 में उल्लिखित बातों पर गौर करेगा और मृत बच्चे के पक्ष में जारी यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में विकल्प बच्चा, यदि हो, की पहचान करेगा ।

(ख) बच्चे की मृत्यु हो जाने पर वैकल्पिक बच्चा 18 वर्ष की उम्र पूरी होने तक प्लान में बना रहेगा बशर्ते कि आवेदक प्लान में वैकल्पिक बच्चे के बने रहने के लिए उससे संबंधित आवश्यक सभी विवरण और मांगे जाने पर ट्रस्ट को प्रस्तुत करे ।

(ग) सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद कभी भी सदस्य को क्रमिक नामांकन आधार पर दो व्यक्तियों तक को नामांकित करने की अनुमति दी जाएगी, अन्यथा सदस्य की मृत्यु होने पर वैकल्पिक बच्चे को हिताधिकारी मान लिया जाएगा ।

(घ) 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पहले बच्चे की मृत्यु हो जाने पर और जहां किसी वैकल्पिक बच्चे का नाम नहीं दिया गया हो, वहां सदस्य का कानूनी वारिस या निष्पादक या मृत बच्चे का प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम (1925 का 39) के भाग 10 के अधीन निर्गत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे ट्रस्ट द्वारा यूनिट के हकदार के रूप में मान्यता दी जाएगी ।

(ङ) बच्चे की मृत्यु के फलस्वरूप यूनिट के हकदार व्यक्ति द्वारा ऐसा साक्ष्य, जिसे ट्रस्ट उसके हक के लिए पर्याप्त समझे, प्रस्तुत किए जाने के बाद तथा दावेदार द्वारा दावे से संबंधित सारी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद मृत बच्चे के खाते में जमा सभी बकाया यूनिटों के मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(च) बच्चा और वैकल्पिक बच्चे की एक साथ मृत्यु हो जाने पर, जहां एक नामांकित किया गया है, मृत बच्चे के कानूनी वारिस को ही मृत बच्चे के खाते में जमा यूनिटों के लिए दावा करने का अधिकार होगा। वैकल्पिक बच्चे का कानूनी वारिस कोई दावा नहीं कर सकेगा ।

(छ) पात्र संस्थाएं, कम्पनी, निगमित निकाय से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे प्लान में निवेश के लिए राशि अलग रखते हुए और न्यासी के रूप में संस्थाओं या व्यक्तियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए न्यास विलेख या अन्य उपयुक्त दस्तावेज का निष्पादन करें । न्यास विलेख या अन्य उपयुक्त दस्तावेज में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपबंध भी होंगे :

(1) प्लान में निवेशित राशि 18 वर्ष पूरी होने के बाद सदस्य द्वारा ऐसी रीति से प्राप्त की जा सकती है, जैसा इसमें ऊपर खंड 14 में उपबंधित है ।

(2) सदस्य की 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के पूर्व संस्था राशि का दावा करने की स्थिति में नहीं होगा, क्योंकि प्लान और उसके तहत बने प्लान का उद्देश्य निवेशकों को अपरिवर्तनीय दान के रूप में बच्चे के नाम से निवेश करने का अवसर प्रदान करना है ।

(3) 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के पूर्व बच्चे की मृत्यु हो जाने पर भी संस्थान को देय राशि का भुगतान किया जा सकता है या उस समय तक 15 वर्ष की उम्र के वैकल्पिक बच्चे का नामांकन करने का विकल्प दिया जा सकता है, बशर्ते कि आवेदन करते समय या उसके बाद कभी किसी ऐसे नाम की घोषणा नहीं की गई हो। इन परिस्थितियों में लाभ ऐसे नामित वैकल्पिक बच्चे के लिए जमा होगा । यदि कोई नामित विकल्प बच्चे नहीं हो, तो 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के पहले बच्चे की मृत्यु हो जाने पर बकाया यूनिट का मूल्य संस्था को देय होगा और संस्था से प्राप्त करने का हकदार होगी ।

10. यूनिटों का अंतरण

योजना के तहत निर्गत यूनिट्स समनुदेशनीय, अंतरणीय या गिरवी रखने योग्य नहीं होंगे ।

11. प्लान में परिवर्धन और संशोधन

बोर्ड समय-समय पर इस प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और ऐसे संशोधन को कार्यालयीन गजट में अधिसूचित करेगा ।

12. आवेदक के लिए प्लान बाध्यकारी होना

प्लान की शर्तों के साथ-साथ समय-समय पर उसमें किए गए संशोधन प्रत्येक सदस्य और उनके माध्यम से दावा करने वाले अन्य व्यक्ति, मानो वे वह व्यक्त रूप से सहमत हो कि वह उनसे लाभ होगा, के लिए बाध्यकारी होंगे ।

13. प्लान के उपबंध योजना के उपबंध के अधीन होंगे

यूनिटों में ब्याज अर्जित करने के लिए और उससे संबंधित अन्य बातों के लिए जो इसमें विनिर्दिष्ट नहीं है, इस प्लान के अंतर्गत अर्जित किसी यूनिट के संबंध में प्लान के उपबंध "चिल्ड्रन्स कालेज एण्ड कैरियर फण्ड यूनिट योजना 1993" के उपबंधों के अंतर्गत पढ़े जाएंगे ।

14. योजना की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाएगी

सभी संशोधन सहित इस प्लान की प्रतिलिपि ट्रस्ट के कार्यालयों में पूरे कार्य-समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी व्यक्ति को आवेदन करने तथा 5/- रुपए का भुगतान पर ट्रस्ट द्वारा उसकी आपूर्ति की जाएगी ।

15. उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार

प्लान के किसी उपबंधों के निर्वचन में कोई संदेह उत्पन्न होने पर अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय अंतिम और निश्चायक होगा ।

16. उपबंधों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन

अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज परिचालन के लिए योजना के किसी उपबंध को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं, यदि किसी यूनिटधारक या यूनिटधारक वर्ग के लिए ऐसा करना उचित समझा जाएगा ।

17. प्लान की समाप्ति

यदि ट्रस्ट को यह प्रतीत हो कि प्लान की समाप्ति समीचीन है तो ट्रस्ट का यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह बिना कारण बताए अपने निर्णय के अनुसार किसी अन्य समाचारपत्र या अन्य माध्यम के द्वारा अधिकतम दो सप्ताह का नोटिस देते हुए किसी भी समय प्लान को समाप्त कर सकता है ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

बम्बई

दिनांक 2 सितम्बर 1993

यूटी/डीबीडीएम/आर 40 ए/एसपीडी 165/93-94—डिफर्ड आय यूनिट योजना 1991 (डीआईयूएस' 91) के प्रावधान का संशोधन जिसे 9 अगस्त 1993 को आयोजित कार्यपालक समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया था, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

अनुबंध

डिफर्ड आय यूनिट योजना 1991 (डीआईयूएस 1991) के प्रावधानों का संशोधन

डिफर्ड आय यूनिट योजना 1991 के प्रावधानों में "आय वितरण" के खण्ड 22 के अंतर्गत निम्नलिखित पैरा "अतिरिक्त बोनस लाभांश" जोड़ा जाता है ।

"अतिरिक्त बोनस लाभांश"

उपर्युक्त आय वितरण के अतिरिक्त, ट्रस्ट यूनिटधारकों को निधि योजना में किसी एक या दोनों विकल्पों के अंतर्गत अतिरिक्त बोनस लाभांश घोषित करेगा, जो ऐसी शर्तों पर और पद्धति पर होगा जैसे ट्रस्ट निर्धारित करेगा और वह संग्रहीत निधियों की बंदिश पर निर्भर करेगा । उक्त लाभांश का भुगतान योजना की परिपक्वता पर किया जाएगा ।

दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया, पोस्ट बौक्स नं. 7100, इन्द्रप्रस्था मार्ग, नई दिल्ली-110002

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

दिनांक 10 सितम्बर 1993

सं. 1-सी. ए. 7/5/44/93—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम 1949 की धारा 18 की उप धारा (5) के अनुसार 31 मार्च, 1993 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परिषद के प्रतिवेदन तथा अंकक्षित लेखा की एक प्रतिसर्व-साधारण की जानकारी हेतु एतद् द्वारा प्रकाशित की जा रही है ।

31 मार्च, 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 44वीं वार्षिक रिपोर्ट

भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेंट संस्थान की परिषद् को 1 अप्रैल, 1992 से 31 मार्च, 1993 तक की अवधि की अपनी 44वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। रिपोर्ट में परिषद् और उसकी विभिन्न समितियों के महत्वपूर्ण क्रियाकलापों का उल्लेख किया गया है । रिपोर्ट में आयोजित किए गए सेमिनारों और सम्मेलनों, संचालित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सदस्यों एवं छात्रों से संबंधित सुसंगत आंकड़े तथा संस्थान के वर्ष 1992-93 के लेखे भी उपलब्ध कराए गए हैं। तथापि अगस्त, 1993 तक संस्थान के क्रियाकलापों का भी संक्षेप में उल्लेख किया गया है ।

1. परिषद्

1.1 परिषद् तथा उसकी विभिन्न समितियों के सदस्य

15वीं परिषद् का गठन, जिसमें पांच प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से 24 निर्वाचित सदस्य और केन्द्रीय सरकार द्वारा 6 मनोनीत (नामनिर्दिष्ट) सदस्य सम्मिलित हैं, तीन वर्ष की अवधि के लिए 18 जनवरी, 1992 को किया गया था । परिषद् को संरचना रिपोर्ट के परिशिष्ट-1 में दी गई है ।

1.2 अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष

श्री एन. सी. सुन्दर राजन, एफ. सी. ए., मद्रास और श्री एन. पी. शारदा, एफ. सी. ए., मुंबई 17 जनवरी, 1993 तक संस्थान के क्रमशः अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहे । परिषद् दोनों ही व्यक्तियों द्वारा प्रदान की गई मूल्यवान सेवाओं के प्रति अपनी कृतज्ञता और हार्दिक आभार प्रकट करती है ।

परिषद् ने 18 जनवरी, 1993 को आयोजित अपने 159वें अधिवेशन में 18 जनवरी, 1993 से 17 जनवरी, 1994 तक की एक वर्ष की अवधि के लिए संस्थान के अध्यक्ष के रूप में श्री एन. पी. शारदा, एफ. सी. ए., मुंबई, को और उपाध्यक्ष के रूप में बी. पी राव, एफ. सी. ए., बंगलौर को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया है ।

1.3 सचिव

श्री ए. के. मजूमदार संस्थान के सचिव के रूप में बने रहे।

1.4 परिषद् की समितियां

परिषद् ने जनवरी, 1993 में आयोजित अपने 159वें अधिवेशन में व्यवसाय से संबंधित अनेकानेक विषयों से निपटने के लिए तीन स्थायी समितियों और विभिन्न अस्थायी समितियों का गठन किया है । इन स्थायी समितियों और अस्थायी समितियों की संरचना सहित उनकी एक सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट II में दी गई है ।

1.5 परिषद् के अधिवेशन

वर्ष के दौरान परिषद् ने 7 अधिवेशनों का आयोजन किया ।

1.6 लेखा परीक्षक (आडिटर)

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के लिए संस्थान के लेखापरीक्षकों के रूप में श्री एम. आर. वेंकटरामन, एफ. सी. ए. और श्री सी. पी. मेहरा, एफ. सी. ए. की पुनः नियुक्ति की गई थी । परिषद् उनके द्वारा की गई सेवाओं के लिए अपना आभार प्रकट करती है ।

2. अनुसंधान तथा व्यावसायिक विकास

2.1 परिषद् अपनी विभिन्न अस्थायी समितियों के माध्यम से अनुसंधान व्यावसायिक विकास तथा सदस्यों की अनवरत व्यावसायिक शिक्षा और छात्रों की शिक्षा तथा प्रशिक्षण पर अपना निरन्तर जोर देती रही है । अनेक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलाप किए गए तथा संस्थान द्वारा लेखा विधि मानकों (एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड्स), लेखा परीक्षा मानकों (आडिटिंग स्टैण्डर्ड्स), विशेषज्ञ मत (एक्सपर्ट ओपीनियन्स) तथा चंद सेमिनारों एवं अनुसंधान अध्ययन में उपयोग हेतु पृष्ठभूमि—सामग्री पर अनेक प्रकाशन निकाले गये हैं । इन क्रियाकलापों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित भी सम्मिलित हैं :—

1. लेखाविधि मानक (एकउंटिंग स्टैण्डर्ड्स)

लेखाविधि मानक की आवश्यकता को व्यापक रूप से मान्यता मिलती रही है जिसकी नवीनतम अभिव्यक्ति कम्पनी विधेयक, 1993 के रूप में सरकार द्वारा मान्यता दिया जाना है जिसमें यह प्रस्थापना की गई है कि कम्पनियों को अपने वित्तीय विवरण तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करने में लेखाविधि मानकों का अवश्य पालन करना चाहिए । इस मामले की अत्यावश्यकता को मानते हुए लेखाविधि मानक बोर्ड (एकउंटिंग स्टैण्डर्ड्स बोर्ड) ने लेखाविधि मानक विरचित करने और कार्यान्वित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं । वर्ष के दौरान लेखाविधि मानक 13 (एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड 13) विनिधान लेखाविधि (एकाउंटिंग फार इनवेस्टमेन्ट्स) जारी किया गया है । एक अन्य लेखाविधि मानक अर्थात् समामेलन लेखाविधि (एकउंटिंग फार अमलगमेशंस) अंतिम प्रक्रम पर है और शीघ्र ही जारी किया जाएगा । विदेशी मुद्रा विनियमन की बाबत सरकार की नीति में अत्यधिक महत्वपूर्ण परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए "एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड 11आन एकाउंटिंग फार दि इफेक्ट्स आफ चेंजेज इन फारेन (एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड 13) विनिधान लेखाविधि (एकाउंटिंग फार एक्सपोजर ड्राफ्ट जारी किया गया है । सेवानिवृत्ति प्रसुविधा लेखाविधि (एकाउंटिंग फार रिटायरमेंट बेनिफिट्स) पर तथा पुनरीक्षित लेखाविधि मानक 4 पर तथा "कंटिनजेंसीज एण्ड इवेंट्स अकरिंग आफ्टर दि बैलेंस शीट डाटा" पर एक्सपोजर ड्राफ्ट भी प्रकाशित किए गए हैं । बोर्ड ने लेखाविधि मानक विरचित करने के लिए अनेक नई परियोजनाओं का उत्तर-

दायित्व भी लिया है, जैसे कि एकाउंटिंग फार फाइनांसिंग फास्ट्स, एकाउंटिंग फार करेन्ट असेट्स एण्ड करेन्ट लाईबिलिटीज, एकाउंटिंग फार फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेन्ट्स, आदि ।

बोर्ड को और भी अधिक व्यापक-आधारित बनाने के लिए परिषद् ने यह निर्णय लिया है कि आई. डी. बी. आई., एस. ई. बी. आई. (सेबी), आई. आई. एम. एस., विश्वविद्यालयों आदि के प्रतिनिधियों को भी बोर्ड में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए ।

2. लेखापरीक्षा मानक (आडिटिंग स्टैण्डर्ड्स)

संस्थान ने देश में लेखापरीक्षा मानकों की विरचना करने और उनके उन्नयन की ओर अपना मुख्य ध्यान दिया है । इस संबंध में लेखापरीक्षा मानकों के क्षेत्र में पर्याप्त समय और अनुसंधान प्रयास किए गए हैं । भारतीय अर्थ व्यवस्था के बैंकिंग/वित्तीय सेक्टरों (क्षेत्रों) में हाल ही के विकास के संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य संस्थाओं के साथ निकट पारस्परिक प्रभाव कायम रखा गया है । इसके परिणामस्वरूप बैंकों से संबंधित पुनरीक्षित दीर्घाकार प्रारूप वाली लेखापरीक्षा रिपोर्ट (लांग फार्म आडिट रिपोर्ट्स) निकाली गई । बैंक लेखापरीक्षकों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए लेखापरीक्षा आचार समिति (आडिटिंग प्रैक्टिसेज कमेटी) ने बैंकों के लिए दूरदर्शी सिद्धान्तों से उत्पन्न होने वाले विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रकाशित किए । लेखापरीक्षा आचार समिति ने "स्टडी आन आडिट आफ बैंक्स" तथा "गाइडेंस नोट आन लाग फार्म आडिट रिपोर्ट्स फार बैंक्स" दोनों को ही पुनरीक्षित करने का काम भी हाथ में लिया है ।

अन्य विषयों के संबंध में, उदाहरणार्थ, किसी अन्य लेखापरीक्षक के कार्य का उपयोग करना, संयुक्त लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व, प्रबंधमंडल द्वारा अभ्यावेदन, सारता तथा लेखापरीक्षा जोखिम (मैटीरियलिटी एण्ड आडिट रिस्क), विश्लेषणात्मक पुनर्विलोकन (एनालिटीकल रिव्यू), के संबंध में मानक लेखापरीक्षा आचार विवरण (स्टेटमेंट्स आन स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसेज) भी नियमन के विभिन्न प्रक्रमों पर है । इसी प्रकार समिति, विनिधान लेखापरीक्षा, नकदी तथा बैंक अतिशेष दायित्व, पूंजी तथा आरक्षिति आदि पर मार्गदर्शन-टीका भी तैयार कर रही है । समिति एनवायरमेन्ट (वातावरण) में लेखापरीक्षा पर एक अध्ययन भी तैयार कर रही है ।

3. अन्य अनुसंधान अध्ययन

लेखाविधि तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान की निरन्तर आवश्यकता को महसूस करते हुए वर्ष के दौरान अनेक अनुसंधान परियोजनाओं को प्रारम्भ किया गया है । इनमें वर्ष के दौरान प्रकाशित महत्वपूर्ण प्रकाशन इस प्रकार हैं :—"प्रोजैक्ट एप्रेजल-रिव्वायरमेंट्स आफ इण्डियन फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस", कम्पेंडियम आफ स्टेटमेंट्स एण्ड स्टैण्डर्ड्स आन एकाउंटिंग (1993 संस्करण) कम्पेंडियम आफ स्टेटमेंट्स एण्ड स्टैण्डर्ड्स आन आडिटिंग (1993 संस्करण), रिवाइज्ड स्टेटमेंट आन ट्रीटमेंट आफ रिटायरमेंट ग्रेच्युटी इन एकाउन्ट्स, रिवाइज्ड टैक्नीकल गाइड फार आडिट आफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस, रिवाइज्ड गाइडेंस नोट्स आन ट्रीटमेंट आफ एक्सपेंडीचर डयूरिंग कंस्ट्रक्शन पीरियड तथा कम्पेंडियम आफ गाइडेंस नोट्स वाल्यूम 2 (तृतीय संस्करण) यह आशा की जाती है कि इन प्रकाशनों के अलावा कम से कम पांच और अनुसंधान अध्ययन शीघ्र ही प्रकाशित किए जाएंगे, अर्थात् स्टडी आन शेयर वैल्यूएशन का पुनरीक्षित संस्करण, मैनेजमेंट कन्ट्रोल सिस्टम इन नान-प्राफिट आरगनाइजेशन, ट्रेड्ज इन पब्लिश्ड एकाउंट्स, एकाउंटिंग फार फिट फण्ड तथा गाइडलाइंस आन इंटरनल आडिट—टायर इण्डस्ट्री । लेखाविधि तथा लेखापरीक्षा क्षेत्रों में अन्य पच्चीस परियोजनाएं प्रगति में हैं ।

नियमित विधि के क्षेत्र में संस्थान ने कम्पनी विधेयक, 1993 के उपबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रकाशित किया है जिससे कि इस महत्वपूर्ण विधान पर सदस्यों को चर्चा योग्य सामग्री प्रदान की जा सके । इसी प्रकार "स्टडी आन आडिट अंडर सेक्शन 80 एच. एच. सी. आफ दि इन्कम टैक्स एक्ट" को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है । कराधान और कम्पनी क्षेत्र में भी अन्य आठ परियोजनाएं प्रगति में हैं ।

4. विशेषज्ञ मत

संस्थान की विशेष समिति द्वारा व्यक्त किए गए मत को विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा मान्यता दी जाती रही है । अनेक नए प्रश्नों पर विचार किया गया और वर्ष के दौरान मत व्यक्त किए गए । कम्पेंडियम आफ ओपीनियंस की ग्यारहवीं जिल्द प्रकाशित की गई और बारहवीं जिल्द शीघ्र ही प्रकाशित किए जाने की संभावना है ।

5. अनवरत शिक्षा (कंटीन्यूइंग एजूकेशन)

परिषद् अपने सदस्यों तथा अन्य व्यक्तियों के लिए अनवरत शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करने का प्रयास करती रही है । अपनी थेन सेमिनार स्कीम के माध्यम से संस्थान ने इस वर्ष प्रमुख महत्व के दो जटिल क्षेत्रों (थ्रस्ट एरियाज) को पहचाना है । कम्पनी विधेयक, 1993 के संसद में पुरःस्थापित होते ही विधेयक में प्रस्थापित परिवर्तनों की विवक्षाओं पर चर्चा करने और समझने के लिए अनेक बड़े-बड़े नगरों और शाखाओं में लगभग 25 सेमिनार आयोजित किए गए। दूसरा जटिल क्षेत्र वित्तीय सेवाओं के कतिपय विनिर्दिष्ट पहलू हैं और यूनीफार्म कोर्स डिजाइन तथा स्पेशलाइज्ड आस्पेक्ट्स आफ फाइनेंसिंग स्ट्रेटेजीस एण्ड इंवेस्टमेंट कंसलटेंसी पर विस्तृत चर्चा सामग्री सहित एक पुस्तक के आधार पर संपूर्ण देश में सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं । संस्थान के पांच पूर्णकालिक कम्प्यूटर केन्द्र संस्थान के सदस्यों तथा छात्रों को विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रेक्टीकल ओरियन्टेशन प्रदान करते रहे । अपनी जानकारी को अद्यतन बनाने तथा रुचि के विषयों पर चर्चा करने के लिए सदस्यों तथा छात्रों को एक मंच प्रदान करने के लिए अनेक अन्य सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए गए ।

6. व्यावसायिक विकास

संस्थान बदलते हुए वातावरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने तथा विभिन्न मंचों पर व्यवसाय के विचारों को प्रक्षेपित करने में अत्यधिक सक्रिय रहा । बजट पूर्व तथा उत्तर-बजट ज्ञापन पर संस्थान की टिप्पणियों को प्राधिकारियों का पर्याप्त समर्थन प्राप्त हुआ और उनके अनेक सुझावों को स्वीकार किया गया । यहां स्थित चैल्लय्या समिति की रिपोर्ट पर और कर प्राधिकरणों के प्रशासन तथा प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने सहित अनेक अन्य मुद्दों पर संस्थान के ज्ञापन की है । संस्थान ने नियमित विधियों में संशोधन के लिए प्रस्तुत किए विभिन्न प्रस्तावों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की है । कम्पनी विधेयक, 1993 के संबंध में तथा सरकार द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न अन्य मुद्दों पर संपूर्ण देश के सदस्यों के विचारों को प्राप्त करने के पश्चात् सरकार को एक विस्तृत ज्ञापन भी भेजा गया है । संस्थान ने भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी और अन्य विनियामक निकायों के साथ भी निकट

संपर्क बनाए रखा जिनसे उसे तकनीकी सलाह के लिए निर्देश प्राप्त होते रहे । इसी प्रकार, संस्थान ने सरकार के विभिन्न स्टडी ग्रुप, समितियों तथा प्राधिकारियों को विनिर्दिष्ट विषयों पर अनेक अभ्यावेदन भी किए ।

इस अवधि के दौरान् परिषद् की विभिन्न अस्थायी समितियों के कार्यकलापों के बारे में इस रिपोर्ट के परिशिष्ट- में दिए गए हैं ।

2.2 13वां अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिवेशन

"प्रोफेशन इन चेंजिंग एकानामिक सीनेरियो" विषय पर 13वां अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिवेशन तारीख 5 से 7 फरवरी, 1993 को हैदराबाद में आयोजित किया गया था । इस अधिवेशन का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री के. विजय भास्कर रेड्डी द्वारा किया गया था । तीन तकनीकी सत्रों में चले इस सम्मेलन में लगभग 700 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था तथा अधिवेशन में प्रस्तुत किए गए लेखों का सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया था । बाजार अर्थव्यवस्था तथा उद्योगों पर शिथिल नियंत्रण एवं विनियमों के वर्तमान संदर्भ में इस अधिवेशन में उन व्यावसायिक लेखाकारों के परिवर्धित उत्तरदायित्व पर जोर दिया गया था जिनसे इस विषय पर कि प्रबन्धमण्डल के प्रतिवेदित आंकड़ों का क्या अर्थ हो सकता है, उनकी सुविचारित राय व्यक्त करने की अपेक्षा की जाएगी ।

अधिवेशन समिति की संरचना तथा तकनीकी सत्रों में आने वाले विषय इस रिपोर्ट के परिशिष्ट IV में दिए गए हैं ।

3. पर्सपेक्टिव प्लानिंग ग्रुप

आगामी दशक में व्यापार, वाणिज्य और उद्योग की आवश्यकताओं और प्रत्याशाओं को पहचान दिलाने तथा सदस्यों को बदलते हुए वातावरण के पुनः अनुकूल बनाने हेतु किए जाने वाले उपाय सुझाने के लिए परिषद् द्वारा जून, 1990 में आयोजित अपने 144वें सम्मेलन में "पर्सपेक्टिव प्लानिंग ग्रुप" का गठन किया गया था । इस ग्रुप से अन्य संबंधित विषयों, जैसे कि निरंतर बढ़ती हुई सदस्या की व्यवस्था करने के लिए अपेक्षित प्रकार का संगठनात्मक ढांचा, तथा सदस्यों और विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना, आदि का अध्ययन करना भी अपेक्षित है । इस ग्रुप ने अपनी अंतिम रिपोर्ट दिसम्बर, 1992 में प्रस्तुत कर दी । परिषद् ने इस ग्रुप की अधिकांश सिफारिशें स्वीकार कर ली हैं और इस व्यवसाय को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक उपाय करने का निर्णय किया है । इनमें वे उपाय सम्मिलित हैं जिनके लिए चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम, 1949 तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट विनियम, 1988 में संशोधन करने की आवश्यकता है । इनमें से कुछ महत्वपूर्ण संशोधन नीचे दिए जा रहे हैं :—

(क) आर्थिक वातावरण में परिवर्तनों को देखते हुए सिलेबस (पाठ्य विवरण) का पुनरीक्षण/उपान्तरण;

(ख) उत्तर-शिक्षा पाठ्यक्रम (पोस्ट-क्वालिफिकेशन कोर्सेज) को प्रभावी बनाने के लिए उनमें परिवर्तन;

(ग) मैनेजमेंट कंसल्टेंसी सेवा तथा ऐसी अन्य व्यावसायिक सेवाएं, जो परिषद् द्वारा समय-समय पर अनुज्ञात की जाएं, प्रदान करने के प्रयोजनार्थ हमारे इस व्यवसाय के सदस्यों को अन्य मान्य व्यवसायों के सदस्यों के साथ सहयुक्त होने के लिए समर्थ बनाना;

(घ) एकाउंटिंग अकादमी/अकादमियों की स्थापना करना तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व की विशेषताओं तथा संपर्क कौशल को बेहतर बनाने की दृष्टि से आर्टिकल्ड क्लर्कों को आर्टिकलशिप के अन्तिम वर्ष के दौरान अकादमी में 3 महीने का पूर्णकालिक प्रशिक्षण करने के लिए समर्थ बनाना;

(ङ) सदस्यता में वृद्धि को देखते हुए परिषद् के निर्वाचित सदस्यों की संख्या में समुचित वृद्धि करना;

(च) परिषद् का कार्यकाल तीन वर्ष के बजाय पांच वर्ष नियत करना;

(छ) परीक्षा समिति को अधिक व्यापक आधारित बनाने के लिए सदस्यों की अधिक संख्या तथा बाहरी विशेषज्ञों के सहयोजन के साथ परीक्षा समिति का गठन;

(ज) अधिक संख्या में सदस्यों तथा विधि विशेषज्ञों के सहयोजन के साथ अनुशासनिक समिति का गठन; जांच का संचालन करने के लिए अनुशासनिक समिति की पीठों (बैंचों) का गठन तथा अनुशासनिक मामलों का शीघ्र निपटारा करने के लिए प्रक्रिया का पुनरीक्षण;

(झ) विनियमों में परिवर्तन करने के लिए प्रक्रिया में होने वाले विलम्ब को ध्यान में रखते हुए आन्तरिक प्रशासन के मामलों में उपविधियां विरचित करने की शक्तियां प्राप्त करना; तथा

(ञ) सदस्यों तथा विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दृष्टि से प्रधान कार्यालय से कृत्यों का क्षेत्रीय कार्यालयों तथा एक हजार से अधिक की सदस्यता वाली बड़ी शाखाओं को विकेन्द्रीकरण ।

4. अन्तरराष्ट्रीय संबंध

संस्थान व्यावसायिक लेखाकारों के विभिन्न अन्तराष्ट्रीय निकायों से सक्रिय रूप से सहयुक्त है । अन्तरराष्ट्रीय संबंध पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट इस रिपोर्ट के परिशिष्ट है के रूप में संलग्न है ।

5. अन्य मामले

5.1 संस्थान का वार्षिक अधिवेशन :

संस्थान का 43वां वार्षिक अधिवेशन दिनांक 16 जनवरी, 1993 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। माननीय विधि, न्याय और कम्पनी कार्य राज्य मंत्री श्री एच. आर. भारद्वाज इस समारोह के मुख्य अतिथि थे । उन्होंने शील्ड और प्लाक उन कम्पनियों और वित्तीय संस्थाओं को प्रदान किए जिन्होंने सर्वोत्तम प्रस्तुत लेखाओं के लिए संस्थान के प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते थे तथा उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित परीक्षाओं में सराहनीय छात्रों को पुरस्कार तथा पदक भी बांटे थे । माननीय मंत्री ने संस्थान की पत्रिका में प्रकाशित सर्वोत्तम लेखों के लिए पुरस्कार भी बांटे थे तथा संस्थान की उत्कृष्ट प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं को शील्ड तथा प्रमाणपत्र भी प्रदान किए थे । इस समारोह में सदस्यों तथा छात्रों सहित अनेक आमंत्रित व्यक्तियों ने भाग लिया था ।

5.2 चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम, 1949 तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट विनियम, 1988 में संशोधन

बदलती हुई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने चार्टर्ड एकाउंटेंट विनियम, 1988 में अनेक संशोधन प्रस्तावित किए हैं जो केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन हैं। चार्टर्ड एकाउंटेंट एक्ट, 1949 तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट विनियम, 1988 में संशोधनों के लिए अतिरिक्त समेकित प्रस्ताव शीघ्र ही केन्द्रीय सरकार के पास भेजा जाएगा।

5.3 पुस्तकालय तथा जर्नल

केन्द्रीय परिषद् पुस्तकालय संस्थान के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को पुस्तकों, जर्नलों और समाचार पत्रों की सुविधाएं प्रदान करता है। पुस्तकालय की सुविधाएं संपूर्ण देश के प्रादेशिक केन्द्रों तथा शाखाओं पर भी प्रदान की जा रही हैं तथा पुस्तकालयों के विकास के लिए संस्थान द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थाओं और स्टडी सर्किलों को अनुदान प्रदान किए जा रहे हैं।

संस्थान प्रतिमाह "दि चार्टर्ड एकाउंटेंट" नामक एक मासिक मैगजीन प्रकाशित कर रहा है जिसकी 70,000 से अधिक प्रतियां बिक जाती हैं। पहले की तरह ही बोर्ड ने जुलाई, 1992 से जून, 1993 तक की अवधि के दौरान पत्रिका में प्रकाशित सर्वोत्तम लेखों के लिए पुरस्कार प्रदान किए हैं। पुरस्कार विजेताओं के नाम इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 6 पर दिए गए हैं।

5.4 चार्टर्ड एकाउंटेंट बेनीवोलेण्ट फण्ड (हितकारी निधि)

दिसम्बर, 1962 में स्थापित "चार्टर्ड एकाउंटेंट बेनीवोलेण्ट फण्ड" एक जरूरतमंद व्यक्तियों को, जोकि संस्थान के सदस्य हैं या रहे हैं, तथा उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह सहायता आश्रितों के भरण-पोषण, उनकी शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं और चिकित्सा व्यय की पूर्ति करने, आदि, के लिए प्रदान की जाती है। यह निधि ऐसे सदस्यों को, जो देश के विक्षुब्ध (गड़बड़ी वाले) क्षेत्रों में विस्थापित किए गए हैं, 20,000/- रुपए तक के उधार भी दे रही है। इस निधि की आजीवन सदस्यों की संख्या 31-8-1992 को 8214 से बढ़कर 31-8-1993 को 9511 हो गई है। योगदान और सुपात व्यक्तियों को वर्ष के दौरान 4,34,500.00 रुपए की धनराशी बांटी गई थी। इस निधि में अतिशेष 31-3-1992 को 46,91,554.45 रुपए की तुलना में 31-3-1993 को 60,02,235.77 रुपए था।

5.5 एस. लक्ष्मीनाथ अय्यर मेमोरियल फण्ड :

वर्ष 1992-93 के दौरान चार्टर्ड एकाउंटेंसी कोर्स कर रहे छात्रों को प्रत्येक 100/- रुपए प्रतिमास की 17 छात्रवृत्तियां दी गई थी। इस निधि (फंड) की सदस्यता 31-3-1993 को 189 थी। इस निधि में 31-3-1992 को 83,215.90 रुपए के मुकाबले 31-3-1993 को 1,05,329.40 रुपए अतिशेष थे।

5.6 चार्टर्ड एकाउंटेंट पाठ्यक्रम की मान्यता :

यह संस्थान, चार्टर्ड एकाउंटेंसी पाठ्यक्रम को पी. एच. डी. प्रोग्राम (डाक्टर आफ फिलासोफी कार्यक्रम) के लिए मान्यता दिलाए जाने के लिए विश्वविद्यालयों से सम्पर्क बनाए हुए हैं। वर्तमान में एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटीज तथा इंडियन इंस्टीट्यूट्स आफ मैनेजमेंन्ट (अहमदाबाद तथा कलकत्ता) के अतिरिक्त 39 विश्वविद्यालयों ने सी. ए. पाठ्यक्रम को पी. एच. डी. हेतु रजिस्ट्रीकरण (पंजीकरण) के लिए एम. काम. के तुल्य (समान) होने के रूप में मान्यता प्रदान की हुई है। जिन विश्वविद्यालयों ने इस हेतु सी. ए. कोर्स को मान्यता प्रदान की है उनकी सूची इस रिपोर्ट (प्रतिवेदन) के परिशिष्ट-3 के पैरा 11.3 पर दी गई है।

6. सदस्य

6.1 सदस्यता

वर्ष के दौरान संस्थान में 4010 नए सदस्य नामांकित (भरती) किए गए जिससे 1-4-1993 को कुल सदस्यता 65,161 हो गई।

वर्ष के दौरान पूर्व वर्ष में 2420 अंक की तुलना में फैलो (अध्येताओं) के रूप में 2697 एसोसिएट्स को भरती किया गया। सदस्यता के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :—

1-4-1993 को यथाविद्यमान सदस्यों की संख्या

सदस्यों का प्रवर्ग	फेलो (अध्येता)	एसोसिएट्स	योग
(1)	(2)	(3)	(2) एवं (3)
पूर्णकालिक व्यवसाय में	22,189	16,793	38,982
अंशकालिक व्यवसाय में	2,478	4,951	7,429
व्यवसाय में नहीं	2,591	16,159	18,750
सम्पूर्ण योग	27,258	37,903	65,161

6.2 मृत सदस्य

परिषद् संस्थान के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री एस. सी. कृष्णन् के 11 दिसम्बर, 1992 को दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है। परिषद् वर्ष के दौरान अनेक अन्य सदस्यों के दुखद निधन पर भी गहरा शोक प्रकट करती है। मृत सदस्यों के नाम इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-7 पर सूचीबद्ध किए गए हैं।

6.3 अनुशासनिक समिति :

1-4-1992 से लेकर 31-3-1993 तक की अवधि के दौरान परिषद् तथा अनुशासनिक समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए मामलों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :—

1. परिषद् द्वारा अपनी प्रथमदृष्टया राय के लिए विचार किए गए मामलों की संख्या	91
2. जांच के लिए अनुशासनिक समिति को निर्दिष्ट किए गए मामलों की संख्या	42
3. अनुशासनिक समिति द्वारा सुनवाई किए गए मामलों की संख्या	29

4. अनुशासनिक समिति की रिपोर्टों पर परिषद् द्वारा विचार किए गए मामलों की संख्या 33

5. ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थी को धारा 21(2) के अधीन दोषी नहीं पाया गया 24

6. ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थी को दोषी पाया गया किन्तु कोई दंड नहीं दिया गया 03

7. ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को परिषद् द्वारा दोषी पाया गया और धारा 21(4) के अधीन दंडित किया गया 06

8. ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को दोषी पाया गया और मामले धारा 21(5) के अधीन उच्च न्यायालय को निर्देशित किए गए 01

9. ऐसे मामलों की संख्या, जिनका धारा 21(6) व (7) के अधीन उच्च न्यायालयों द्वारा निपटारा किया गया 02

7. छात्र

अध्ययन बोर्ड (बोर्ड आफ़ स्टडीज) छात्रों के लिए कोचिंग सामग्री तैयार करने, अद्यतन करने तथा प्रदान करने के अपने क्रियाकलाप जारी रखे हैं ।

फाउण्डेशन कोर्स

7.1 भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में 31-3-1993 को यथाविद्यमान फाउण्डेशन कोर्स के लिए रजिस्ट्रीकृत छात्रों की कुल संख्या 39,797 थी । क्षेत्रवार संख्या परिशिष्ट-7 में दी गई है ।

7.2 फाउण्डेशन कोर्स के छात्रों के जून, 1993 वाले बैच के शिक्षण के लिए कक्षाएं प्रादेशिक परिषदों की 5 शाखाओं तथा 2 प्रादेशिक सहित 101 अधिकृत (मान्य) संस्थाओं द्वारा संचालित की गई ।

इंटरमीडिएट तथा फाइनल (अंतिम) कोर्स

7.3 31 मार्च, 1992 तथा 31 मार्च, 1993 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान इंटरमीडिएट तथा फाइनल कोर्सों के लिए नामांकित छात्रों की संख्या इस प्रकार है :—

कोर्स	1992-93	1991-92
इंटरमीडिएट	14,205	14,518
फाइनल	7,441	5,262

7.4 बोर्ड आफ स्टडीज (अध्ययन बोर्ड) की शाखाओं में 31 मार्च, 1993 को यथाविद्यमान छात्रों की कुल संख्या (उन छात्रों को अन्तर्वलित करते हुए जिन्हें फाउण्डेशन कोर्स के लिए रजिस्टर किया गया है (31 मार्च, 1992 को यथाविद्यमान 88, 631 के मुकाबले 99, 435 थी । इसके ब्यौरे परिशिष्ट 8 में दिए गए हैं ।

7.5 31 मार्च, 1993 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान संस्थान की निधि से तथा इस प्रयोजनार्थ सृष्ट विभिन्न विन्यासों की आय से 278 छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई (आवश्यकता आधारित छात्रवृत्तियां—179, आंशिक क्रीशिप—95 तथा योग्यता एवं आवश्यकता छात्रवृत्तियां—4) ।

8. परीक्षाएं

संपूर्ण देश में 45 केन्द्रों पर मई, 1992 और नवम्बर, 1992 को चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एन्ट्रेंस (प्रवेश), इन्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाएं आयोजित की गई थीं । जून 1993 से प्रभावी फाउण्डेशन परीक्षा आरम्भ किए जाने के परिणामस्वरूप नवम्बर, 1992 के पश्चात् प्रवेश परीक्षा बंद कर दी गई ।

मई और नवम्बर, 1992 में आयोजित प्रवेश, इन्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाओं में बैठे छात्रों की कुल संख्या क्रमशः 58, 224 तथा 65,598 थी । इन परीक्षाओं के परिणामों का सारांश, जिसमें उन अभ्यर्थियों की संख्या जो परीक्षाओं में बैठे हैं तथा उन अभ्यर्थियों की संख्या दर्शित की गई है जिन्हें सफल (उत्तीर्ण) घोषित किया गया है, परिशिष्ट 9 में दिया गया है ।

जिन अभ्यर्थियों (छात्रों) को मई और नवम्बर, 1992 में आयोजित परीक्षाओं में पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है, उनके नाम इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 10 पर दिए गए हैं ।

9. प्रादेशिक परिषद् तथा प्रादेशिक परिषदों की शाखाएं

9.1 शाखाएं

संस्थान के 5 प्रादेशिक परिषद् हैं, अर्थात् :—वैस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, सदर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, सेण्ट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल तथा नार्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, जिनके मुख्यालय क्रमशः बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर और नई दिल्ली में हैं । सम्पूर्ण देश में प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं की कुल संख्या 81 है । इन शाखाओं की सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 11 में दी गई है ।

9.2 भवन

अध्यक्ष श्री एन. पी. शारदा ने अहमदाबाद, दुर्गापुर तथा नागपुर शाखाओं के लिए भवन की आधारशिला (फाउण्डेशन स्टोन) रखी थी । उन्होंने भोपाल शाखा के परिसर का भी उद्घाटन किया था । अनेक शाखाओं ने अपने स्वयं के परिसरों का निर्माण करने के लिए भूमि अर्जित करने में अथवा निर्मित फ्लैट खरीदने में रूचि दिखाई है । की शाखाओं में भूमि/परिसर अर्जित करने की प्रक्रिया चल रही है । संस्थान ने स्थान की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मद्रास स्थित अपने भवन का विस्तार किया है ।

कर्नाटक के माननीय मुख्य मंत्री श्री एम. वीरप्पा मोइली ने संस्थान की बंगलौर शाखा के भवन का 4 अप्रैल, 1993 को उद्घाटन किया है । श्री रामेश्वर ठाकुर, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने उक्त भवन में एस. नारायणन आडिटोरियम का उद्घाटन किया है ।

9.3 सर्वोत्तम प्रादेशिक परिषद् तथा प्रादेशिक परिषद् की सर्वोत्तम शाखा के लिए आवर्ती शील्ड (रोटेटिंग शील्ड)

सन् 1986-87 से ही संस्थान सर्वोत्तम प्रादेशिक परिषद् को आवर्ती शील्ड प्रदान करता रहा है। यह पुरस्कार प्रादेशिक परिषद् के संपूर्ण कार्य प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। वर्ष 1992-93 के लिए यह शील्ड वैस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल को प्रदान की जाएगी।

प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं को अधिकाधिक सक्रिय होने तथा सदस्यों और छात्रों को प्रभावकारी सेवा प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान प्रति वर्ष सर्वोत्तम शाखा को आवर्ती शील्ड भी प्रदान करता है। शाखाओं के क्रियाकलापों का मूल्यांकन स्थापित सिद्धान्तों के आधार पर किया जाता है और सर्वोत्तम शाखा को शील्ड प्रदान की जाती है। वर्ष 1992-93 के लिए सदर्न इंडिया रीजनल काउंसिल की बंगलौर स्थित शाखा को शील्ड प्रदान करने के लिए चुना गया है। अत्यधिक प्रशंसनीय कार्य प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र पुणे, हैदराबाद तथा गाजियाबाद स्थित शाखाओं को प्रदान किए जाएंगे।

10. वित्त तथा लेखा

परिषद द्वारा यथा अनुमोदित 31 मार्च, 1993 का यथा-विद्यमान तुलनपत्र और उक्त तारीख को समाप्त हुए वर्ष का आय-व्यय लेखा संलग्न किया जाता है।

11. आभार

11.1 परिषद, संस्थान के उन सभी सदस्यों, जिन्होंने संस्थान की समितियों में सहयोजित सदस्यों के रूप में कार्य किया है तथा उन गैर-सदस्यों के प्रति, जिन्होंने वर्ष के दौरान परिषद् के शैक्षिक, तकनीकी एवं अन्य क्रियाकलापों में और उनकी परीक्षाओं में परिषद् की सहायता की है, आभार प्रकट करती है।

11.2 परिषद्, सरकार और परिषद् के मनोनीत सदस्यों द्वारा वर्ष के दौरान निरन्तर दी गई सहायता और समर्थन के प्रति भी अपना आभार प्रकट करती है।

11.3 परिषद्, संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारि-वृन्द द्वारा वर्ष के दौरान किए गए उनके ईमानदार और समर्पित प्रयासों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करती है।

वार्षिक रिपोर्ट के परिशिष्ट

परिशिष्ट—1

(देखिए : रिपोर्ट का पैरा 1.1)

परिषद् के सदस्य

श्री अग्रवाल, आर. के.—कलकत्ता
*श्री अनन्तन, यू. एन. (20-7-93 से)—नई दिल्ली
भंडारी (डा.) धर्मेन्द्र—जयपुर
श्री बिरला, सी. एम.—कोटा
श्री चक्रवर्ती, ए. के.—कलकत्ता
श्री चटर्जी, दीपंकर—कलकत्ता
श्री छाजेड़, एस. पी.—मुम्बई
श्री चितले, एम. एस.—मुम्बई
श्री दोशी, जी. बी.—मुम्बई
*श्री गुलाटी, सुनील—नई दिल्ली
*श्री गुप्ता, अरूप कुमार—नई दिल्ली
श्री गुप्ता, एन. डी.—नई दिल्ली
श्री गुप्ता, एन. के.—कानपुर
श्री अय्यर, एन. वी.—मुम्बई
*श्री जोशी, आर. डी. (23-6-93 से)—नई दिल्ली
श्री काले, वाई. एम.—मुम्बई
श्री कोटेश्वर राव, एस. एस. आर.—हैदराबाद
*श्री कृष्णमूर्ति, सी. एच. जी.—नई दिल्ली
श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा—हैदराबाद
श्री मेहता, के. एस.—नई दिल्ली
*पिल्लई (श्रीमती) सुधा (22-6-93 तक)—नई दिल्ली
श्री राव, बी. पी.—बंगलौर
श्री शारदा, एन. पी.—मुंबई
*श्री सरकार, पी. के. (3-9-92 तक)—नई दिल्ली
श्री शाह, ए. सी.—अहमदाबाद
श्री सीतारामन, जी.—मद्रास
*श्री शिव सुब्रमण्यन, एन. (4-9-92 से 19-7-93)—नई दिल्ली
*श्री सोली, यशपाल—नई दिल्ली
श्री सुन्दरराजन, एन. सी.—मद्रास
श्री उपाध्याय, पी. पी. गुरुराज—मद्रास
श्री वसुदेव, एस. सी.—नई दिल्ली
श्री विकमसे, एस. के.—मुंबई
श्री विश्वनाथ, टी. एस.—नई दिल्ली

*केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत

परिशिष्ट—2

वर्ष 1993-94 की समितियों की सूची

क. स्थायी समितियां

कार्य समिति
श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष—(बंगलौर)
श्री दीपांकर चटर्जी—(कलकत्ता)
श्री एम. एम. चित्तले—(मुम्बई)
श्री एन. सी. सुन्दरराजन—(मद्रास)

परीक्षा समिति
श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष—(बंगलौर)
श्री आर. के. अग्रवाल—(कलकत्ता)
श्री एस. पी. छाजेड़—(मुम्बई)
श्री जी. सीतारमन—(मद्रास)

अनुशासन समिति

श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष—(बंगलौर)
श्रीमती सुधा पिल्लई—(नई दिल्ली)
श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा—(हैदराबाद)
श्री एस. सी. वासुदेवा—(नई दिल्ली)

ख. गैर स्थायी समितियां

अनुसंधान समिति

श्री के. एस. मेहता, अध्यक्ष—(नई दिल्ली)
श्री जी. सीतारमन, उपाध्यक्ष—(मद्रास)
श्री एन. पी. शारदा, सभापति (पदेन)—(मुम्बई)
डा. धर्मेन्द्र भण्डारी—(जयपुर)
श्री एन. वी. अय्यर—(मुम्बई)
श्री एस. सी. वासुदेव—(नई दिल्ली)
श्री एस. के. विकमसे—(मुम्बई)
श्री ए. एच. दलाल, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)
श्री चेतन दलाल, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)
श्री एम. जी. पटेल, नामनिर्दिष्ट—(अहमदाबाद)
श्री आर. एन. राय, नामनिर्दिष्ट—(कलकत्ता)

लेखा परीक्षा पद्धतियां समितियां

श्री एन. वी. अय्यर, अध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री एम. एम. चितले, उपाध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री एन. पी. शारदा, सभापति (पदेन)—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)
श्री ए. के. चक्रवर्ती—(कलकत्ता)
श्री वाई. एम. काले—(मुम्बई)
श्री एन. शिवासुब्रमण्यन—(नई दिल्ली)
श्री उदय एम. चितले, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)
श्री एम. एम. खन्ना, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)
श्री पी. आर. खन्ना, नामनिर्दिष्ट (नई दिल्ली)
श्री सुरेश राव, नामनिर्दिष्ट—(मद्रास)

सतत वृत्तिक शिक्षा समिति

श्री एन. डी. गुप्ता, अध्यक्ष—(नई दिल्ली)
श्री सी. एम. बिरला, उपाध्यक्ष—(कोटा)
श्री एन. पी. शारदा, सभापति (पदेन)—(मुम्बई)
श्री ए. के. चक्रवर्ती—(कलकत्ता)
श्री सुनील गुलाटी—(नई दिल्ली)
श्री वाई. पी. सोली—(नई दिल्ली)
श्री पी. पी. गुरुराजा उपाध्यक्ष—(मद्रास)
श्री एच. एम. दमानिया, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)
श्री [illegible] नामनिर्दिष्ट—([illegible])
श्री देव जैन, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

लेखा विधि मानक बोर्ड

श्री वाई. एम. काले, अध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री के. एस. मेहता, उपाध्यक्ष—(नई दिल्ली)
श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष (पदेन)—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)
श्री एस. एम. चितले—(मुम्बई)
श्री बी. जी. कृष्णामूर्ति—(नई दिल्ली)
श्रीमती सुधा पिल्लई—(नई दिल्ली)
श्री जी. सीतारमन—(मद्रास)
श्री एन. शिवासुब्रमण्यम—(नई दिल्ली)
श्री वी. अन्नता रमन, नामनिर्दिष्ट (मद्रास)
श्री डी. सीतारमय्या, नामनिर्दिष्ट—(हैदराबाद)
श्री पी. एन. शाह, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)
डा. आर. सी. वैश्य, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

वृत्तिक विकास समिति

श्री ए. के. चक्रवर्ती, अध्यक्ष—(कलकत्ता)
श्री सी. एम. बिरला, उपाध्यक्ष—(कोटा)
श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष (पदेन)—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)
श्री एन. डी. गुप्ता—(नई दिल्ली)
श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा—(हैदराबाद)
श्री वाई. पी. सोली—(नई दिल्ली)
श्री आई. सी. जैन, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)
श्री वी. के. कालरा, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)
श्री एस. के. दासगुप्ता, नामनिर्दिष्ट—(कलकत्ता)

अध्ययन बोर्ड

श्री जी. डी. दोशी, अध्यक्ष—(मुम्बई)
डा. धर्मेन्द्र भण्डारी, उपाध्यक्ष—(जयपुर)
श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष (पदेन)—(मुम्बई)
श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)
श्री दीपांकर चटर्जी—(कलकत्ता)
श्री ए. सी. शाह—(अहमदाबाद)
श्री एस. सी. वासुदेव—(नई दिल्ली)
श्री आर. [illegible], नामनिर्दिष्ट—(मद्रास)
श्री सुब्रतो [illegible] नामनिर्दिष्ट—(कलकत्ता)
श्री कौशिकभाई डी. शाह, नामनिर्दिष्ट—(अहमदाबाद)

वित्तीय विधि समिति

श्री ए. सी. शाह, अध्यक्ष—([illegible])
श्री जी. डी. दोशी, उपाध्यक्ष—(मुम्बई)
श्री एन. पी. [illegible] (पदेन)—([illegible])

श्री सुनील गुलाटी—(नई दिल्ली)

श्री एन. डी. गुप्ता—(नई दिल्ली)

श्री वी. जी. कृष्णामूर्ति—(नई दिल्ली)

श्री पी. पी. गुरुराजा उपाध्याय—(मद्रास)

श्री हरीश गम्भीर, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

श्री एन. सी. सुन्दरराघवन, नामनिर्दिष्ट—(बंगलौर)

श्री विजय एल. शाह, नामनिर्दिष्ट—(अहमदाबाद)

निगमित विधि समिति

श्री टी. एस. विश्वनाथ, अध्यक्ष—(नई दिल्ली)

श्री ए. सी. शाह, उपाध्यक्ष—(अहमदाबाद)

श्री आर. के. अग्रवाल—(कलकत्ता)

श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष (पदेन)—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)

श्री एन. वी. अय्यर—(मुम्बई)

श्रीमती सुधा पिल्लई—(नई दिल्ली)

श्री आर. एन. बंसल, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

श्री अनिल भल्ला, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

श्री एस. एन. नन्दा, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

अन्तरराष्ट्रीय कार्य समिति

श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष—(बंगलौर)

श्री सी. एम. बिरला—(कोटा)

श्री ए. के. चक्रावर्ती—(कलकत्ता)

श्री एन. सी. सुन्दरराजन—(मद्रास)

श्री के. एम. अग्रवाल, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

श्री के. जी. सोमानी, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

विशेषज्ञ सलाह समिति

श्री पी. पी. गुरुराजा उपाध्याय, अध्यक्ष—(मद्रास)

श्री एस. एम. कोटेश्वर राव, उपाध्यक्ष—(हैदराबाद)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)

श्री जी. डी. दोशी—(मुम्बई)

श्री एन. के. गुप्ता—(कानपुर)

श्री वाई. पी. सोनी—(नई दिल्ली)

श्री एस. के. विकमसे—(मुम्बई)

श्री एस. एल. डागा, नामनिर्दिष्ट—(हैदराबाद)

श्री आर. कृष्णामूर्ति, नामनिर्दिष्ट—(कोयम्बटूर)

श्री के. वर्गीज, नामनिर्दिष्ट—(किलोन)

विश्वविद्यालय एवं उच्चतम माध्यमिक बोर्ड सम्पर्क समिति

श्री एस. एस. आर. कोटेश्वर राव, अध्यक्ष—(हैदराबाद)

श्री सी. एम. बिरला, उपाध्यक्ष—(कोटा)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)

श्री एस. पी. छाजेड़—(मुम्बई)

श्री सुनील गुलाटी—(नई दिल्ली)

श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा—(हैदराबाद)

श्री आर. आनन्दा, नामनिर्दिष्ट—(बंगलौर)

श्री गिरीश आहूजा, नामनिर्दिष्ट—(नई दिल्ली)

श्री टी. एस. एस. एन. मूर्ति, नामनिर्दिष्ट—(हैदराबाद)

नैतिक मानदण्ड समिति और क्यूरा

श्री एस. के. विकमसे, अध्यक्ष—(मुम्बई)

श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष (पदेन)—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)

श्री एस. पी. छाजेड़—(मुम्बई)

श्री एन. के. गुप्ता—(कानपुर)

श्री वाई. एम. काले—(मुम्बई)

श्री आई. एम. लखानाला, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)

श्री जी. नारायणस्वामी, नामनिर्दिष्ट—(मद्रास)

श्री सी. आनन्द राव, नामनिर्दिष्ट—(हैदराबाद)

लोक सम्पर्क समिति

डा. धर्मेन्द्र भंडारी, अध्यक्ष—(जयपुर)

श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष (पदेन)—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)

श्री दीपंकर चटर्जी—(कलकत्ता)

श्री ए. के. गुप्ता—(नई दिल्ली)

श्री एन. सी. सुन्दरराजन—(मद्रास)

श्री मनु चड्ढा—(नई दिल्ली)

श्री राजेश कसेरा, नामनिर्दिष्ट—(कानपुर)

श्री अदित्या लोढा, नामनिर्दिष्ट—(कलकत्ता)

सम्पादक मंडल

श्री एन. पी. शारदा, प्रधान संपादक—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, संयुक्त-संपादक—(बंगलौर)

श्री आर. के. अग्रवाल—(कलकत्ता)

श्री दपिंकर चटर्जी—(कलकत्ता)

श्री अरूप गुप्ता—(नई दिल्ली)

श्री टी. एस. विश्वनाथ—(नई दिल्ली)

श्री के. बी. कपूर, नामनिर्दिष्ट—(दिल्ली)

श्री एम. शिवकुमार, नामनिर्दिष्ट—(मैसूर)

श्री एस. विजी, नामनिर्दिष्ट—(मद्रास)

उद्योग के सदस्यों की समिति

श्री एन. के. गुप्ता, अध्यक्ष—(कानपुर)

श्री आर. के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष—(कलकत्ता)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष (पदेन)—(बंगलौर)

श्री ए. के. गुप्ता—(नई दिल्ली)

श्री के. एस. मेहता—(नई दिल्ली)

श्री एस. एस. आर. कोटेश्वर राव—(हैदराबाद)

श्री के. जी. गुप्ता, नामनिर्दिष्ट—(कानपुर)

श्री यू. नारायण, नामनिर्दिष्ट—(रांची)

श्री आनन्द राठी, नामनिर्दिष्ट—(मुम्बई)

साधारण प्रयोजन समिति

श्री एन. पी. शारदा, अध्यक्ष—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, उपाध्यक्ष—(बंगलौर)

श्री दीपंकर चटर्जी—(कलकत्ता)

श्री एम. एम. चितले—(मुम्बई)

श्री एन. सी. सुन्दरराजन—(मद्रास)

आई. सी. ए. आई.—आई. सी. डब्ल्यू. ए. आई.—आई. सी. एस. आई. समन्वय समिति

श्री एन. पी. शारदा, नेता—(मुम्बई)

श्री बी. पी. राव, उप नेता—(बंगलौर)

श्रीमती सुधा पिल्लई—(नई दिल्ली)

श्री वाई. पी. सोली—(नई दिल्ली)

श्री एन. सी. सुन्दरराजन—(मद्रास)

श्री टी. एस. विश्वनाथ—(नई दिल्ली)

परिशिष्ट III

अनुसंधान और वृत्तिक गतिविधियां

परिषद की विभिन्न गैर-स्थायी समितियों के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :—

1. लेखाकरण मानक बोर्ड

1. वर्ष के दौरान बोर्ड ने निम्नलिखित दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया :—

(क) अकाउन्टिंग स्टेण्डर्ड्स (ए.एस.) 13, अकाउन्टिंग फार इनवैस्टमेन्ट्स ।

(ख) एक्सपोजर ड्राफ्ट आफ रिवाइज्ड अकाउन्टिंग स्टेण्डर्ड 4, कन्टिंजेन्सीज एण्ड इवेन्ट्स occurring आफ्टर द बैलेंस शीट डेट ।

(ग) एक्सपोजर डेट आफ रिवाइज्ड अकाउन्टिंग स्टेण्डर्ड II अकाउन्टिंग फार दि इफैक्ट्स आफ चेन्जेज इन फोरेन एक्सचेंज रेट्स ।

(घ) एक्सपोजर ड्राफ्ट आफ प्रोपोज्ड अकाउन्टिंग स्टेण्डर्ड-अकाउन्टिंग फार रिटायरमेन्ट बेनीफिट्स इन दि फाइनेन्शियल स्टेटमेन्ट्स आफ एम्पलायर्स ।

2. बोर्ड ने नये लेखाकरण मानक बनाने के लिए वर्ष के दौरान निम्नलिखित परियोजनाएं चलाई हैं :—

(क) वित्त पोषण लागत का लेखांकन ।

(ख) वर्तमान आस्तियों और वर्तमान दायित्वों का लेखाकरण ।

(ग) वित्तीय लिखतों का लेखाकरण ।

(घ) बैंकों और वित्तीय संस्थाओं में विशेष लेखाकरण मुद्दे ।

3. आमेलनों के लेखाकरण विषयक लेखांकन मानक की तैयार अंतिम चरण में है ।

4. बोर्ड वर्तमान लेखाकरण मानकों का पुनर्विलोकन कर रहा है :—

(क) लेखाकरण मानक 5, पूर्ववर्ती अवधि और लेखाकरण नीतियों में असाधारण मदें और परिवर्तन ।

(ख) लेखाकरण मानक 6, अवक्षय लेखाकरण बोर्ड "प्रीफेस टु द स्टेटमेन्ट्स आफ ए अकाउन्टिंग स्टेण्डर्ड्स" का भी पुनर्विलोकन कर रहा है ।

5. बोर्ड को निम्नलिखित प्रतिनिधित्व लेकर व्यापक स्वरूप प्रदान किया गया है :—

— आई. डी. बी. आई. और अन्य प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की वित्तीय संस्थाएं ।

— भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड ।

— भारतीय प्रबंध संस्थान ।

— विश्वविद्यालय ।

2. लेखा-परीक्षा पद्धति समिति :—

1. इस वर्ष भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए आय मान्यता, आस्ति वर्गीकरण और उपबंधन विषयक निम्नलिखित विशानिर्देश जारी किए । भारतीय रिजर्व बैंक ने संस्थान से अपनी राय प्रकट करने के लिए कहा। लेखा-परीक्षा पद्धति समिति ने इन विशा-निर्देशों से उत्पन्न विभिन्न मुद्दों पर विचार किया और बैंकों के लेखापरीक्षकों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए, उस पर अपने विचार प्रकट किए ।

2. समिति ने बैंकों के लिए लम्बे प्रपत्र की लेखा-परीक्षा रिपोर्टों के प्ररूपों के पुनरीक्षण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के सामने कुछ सुझाव रखे हैं । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए पुनरीक्षित प्ररूप में उनमें से अनेक सुझाव समाविष्ट हैं ।

3. निम्नलिखित विषयों पर मानक लेखा-परीक्षा पद्धतियों की विवरणियां अनेक प्रक्रमों पर निर्माणाधीन हैं :—

(क) दूसरे लेखापरीक्षक कार्य का उपयोग करना ।

(ख) संयुक्त लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व ।

(ग) प्रबंध मण्डल द्वारा प्रतिनिधित्व ।

(घ) तात्विकता और लेखा-परीक्षा जोखिम ।

(ङ) विश्लेषणात्मक समीक्षा ।

4. समिति निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शन टिप्पण तैयार कर रही है :—

(क) विनिधानों की लेखा-परीक्षा ।

(ख) नकदी और बैंक अतिशेषों की लेखा परीक्षा ।

(ग) दायित्वों की लेखा-परीक्षा ।

(घ) पूंजी और आरक्षित निधियों की लेखा-परीक्षा ।

(ङ) प्रकीर्ण व्यय की लेखा-परीक्षा ।

(च) राजस्वों की लेखा-परीक्षा ।

5. समिति ई. डी. पी. इनफाइरमेन्ट में लेखा-परीक्षा पर अध्ययन तैयार कर रही है ।

6. समिति निम्नलिखित वर्तमान प्रकाशनों की समीक्षा कर रही है :—

(क) कम्पनी (निक्षेपों की स्वीकृति) नियम, 1975 के अनुसरण में लेखा-परीक्षा प्रमाण-पत्र के बारे मार्गदर्शन टिप्पण ।

(ख) बैंकों की लेखा-परीक्षा के बारे में अध्ययन ।

3. अनुसंधान समिति

आशा है कि निम्नलिखित प्रकाशन शीघ्र ही आ जाएंगे :—

(1) प्रोजेक्ट एप्रेजल—भारतीय वित्तीय संस्थाओं की अपेक्षाएं—(भारतीय वित्तीय संस्थाओं की अपेक्षाओं के संदर्भ में वर्तमान प्रकाशन "प्रोजेक्ट एवल्यूएशन का पुनरीक्षण") ।

(2) स्टडी आफ शेयर एवल्यूएशन का पुनरीक्षित संस्करण।

(3) स्टेटमेन्ट्स एण्ड स्टैण्डर्ड्स आन अकाउन्टिंग (तृतीय संस्करण का सार) ।

(4) स्टेटमेन्ट्स एण्ड स्टैण्डर्ड्स आन आडिटिंग (तृतीय संस्करण) का सार ।

उपरोक्त के अलावा निम्नलिखित परियोजनाए पूरा होने वाली है :—

(1) आंतरिक लेखा परीक्षा—सीमेंट उद्योग विषय दिशा-निर्देश ।

(2) अस्पतालों के विशेष संदर्भ में लाभरहित संगठनों में प्रबन्ध नियंत्रण प्रणालियां (अनुसंधान फैलोशिप स्कीम के अन्तर्गत जो भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्ष-गांठ मनाने के लिए मंजूर की गई थी ।

(3) "ट्रेन्डस इन पब्लिशड अकाउन्ट्स" विषयक प्रकाशन का पुनरीक्षण ।

(4) चिट फण्डों का लेखाकरण ।

(5) आंतरिक लेखा-परीक्षा—टायर उद्योग विषयक दिशा-निर्देश ।

(6) फिल्म उद्योग में लेखाकरण ।

चालू परियोजनाएं :—

(1) विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के संबंध में लेखापाल निर्देशिका ।

(2) आंतरिक लेखा-परीक्षा—कपड़ा उद्योग संबंधी दिशा-निर्देश ।

(3) लेखा और लेखा परीक्षा तकनीकी निर्देशिका—होटल उद्योग ।

(4) लेखा और लेखा-परीक्षा तकनीकी निर्देशिका—औषधि और भेषज उद्योग ।

(5) आमेलन और विलयन पर अध्ययन ।

(6) भविष्य निधि का लेखाकरण और लेखा-परीक्षा ।

(7) भारतीय जीवन बीमा निगम की लेखा-परीक्षा ।

(8) सरकारी विभागों और वैसे ही अन्य लाभरहित संस्थाओं में लोक व्यय के लेखा दायित्व पर अनुसंधान परियोजना ।

नई परियोजनाएं जो शुरू की जाने वाली है :—

(1) तुलन-पत्र से भिन्न मदों का लेखांकन ।

(2) अंतरण मूल्य निर्धारण ।

(3) पृथक्करण एवं विभाजन ।

(4) विदेशी मुद्रा प्रकटन जोखिम प्रबन्ध ।

(5) वित्तीय नीतियां-चालू पूंजी प्रबन्ध ।

(6) वित्तीय नीतियां-दीर्घावधि निधि प्रबन्ध ।

(7) कम्पनियों का परि-समापन ।

(8) गैर-सरकारी विकास संगठनों के लिए लेखांकन और लेखा परीक्षा ।

(9) मूलभूत एवं तकनीकी विश्लेषण जिसे पहले कारपोरेशन फाइनेन्शियल एनालिसेज कहते थे ।

(10) नगर निगमों में वाणिज्यिक लेखांकन का शुभारंभ ।

(11) अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग-एफ.जी. भगवत रिसर्च फैलोशिप स्कीम के अंतर्गत भारत और फ्रांस का तुलनात्मक अध्ययन ।

वर्तमान प्रकाशन जो पुनरीक्षणाधीन है :—

(1) टेक्नीकल गाइड फार आडिट आफ कोआपरेटिव सोसाइटीज ।

(2) अकाउन्टेंट्स गाइड टु ला आफ सेन्ट्रल एक्साइज ।

(3) गाइडन्स नोट आन आडिट आफ अकाउन्ट्स आफ मेम्बर्स आफ स्टाक एक्सचेंजेज ।

शील्ड पेनल

पूर्व की भांति संस्थान वर्ष 1991-92 के लिए निम्नलिखित द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत लेखाओं के लिए पुरस्कार वार्षिक अधिवेशन में प्रदान करेगा :—

(1) लोक/संयुक्त सेक्टर कम्पनियां और गैर वित्तीय कानूनी निगम;

(2) गैर वित्तीय प्राइवेट सेक्टर कम्पनियां; (3) बैंक और वित्त संस्थाएं; और (4) अन्य निकाय।

"विभिन्न प्रवर्गों में पुरस्कार विजेता इस प्रकार नीचे दिए हैं :—

(1) पब्लिक सेक्टर/संयुक्त सेक्टर कम्पनियों (वे कम्पनियां जिन पर धारा 619 और धारा 619 ख लागू होती हैं) और गैर वित्तीय कानूनी निगम के प्रवर्ग में इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत लेखाओं के लिए रजत शील्ड के लिए चुना गया है तथा कोचीन रिफाइनेरीज लिमिटेड को अत्यन्त प्रशंसनीय लेखाओं के लिए प्लेक (फलक) के लिए चुना गया है।

(2) गैर-वित्तीय प्राइवेट सेक्टर कम्पनियों के प्रवर्ग में रजत शील्ड सीमन्स लिमिटेड को दी जाएगी और प्लेक इंडियन-अल्युमीनियम कम्पनी लिमिटेड को अत्यन्त प्रशंसनीय लेखाओं के लिए दिया जाएगा।

(3) बैंकों और वित्त संस्थाओं में से रजत शील्ड हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेन्स कारपोरेशन लिमिटेड को दी जाएगी।

(4) अन्य निकायों में से जैसे लोक न्यासों, सहकारी सोसाइटियों आदि में से किसी को भी पुरस्कार देने के लिए नहीं चुना गया है।"

4. वृत्तिक विकास समिति :—

1. समिति ने 28 राष्ट्रीयकृत बैंकों के कानूनी शाखा लेखा परीक्षकों और प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों के कानूनी केन्द्रीय लेखा-परीक्षकों तथा शाखा लेखा परीक्षकों का पैनल बनाने के लिए सदस्यों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए आवेदन-पत्रों की जांच पड़ताल के बाद एक पैनल बनाया गया और प्राधिकारियों को पेश किया गया ताकि विभिन्न बैंकों द्वारा लेखापरीक्षकों की नियुक्ति करना आसान हो सके।

2. समिति कानूनी लेखा-परीक्षा और बैंकों की राजस्व/निरीक्षण लेखा परीक्षा की फीस बढ़ाने के लिए संबंधित प्राधिकारियों से बराबर बातचीत कर रही है। इन प्रयासों के फलस्वरूप, पब्लिक सेक्टर के बैंकों को कानूनी केन्द्रीय और कानूनी शाखा लेखा-परीक्षकों को सदेय लेखा-परीक्षा फीस 1992-93 लेखा-परीक्षा वर्ष से पुनरीक्षित कर दी गई है। इसी प्रकार, वर्ष 1992-93 के लिए प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों के कानूनी लेखा-परीक्षकों को संदेय लेखा-परीक्षा फीस यात्रा भत्ता और ठहरने का भत्ता भी बढ़ा दिया गया है।

3. समिति ने 4 और 5 दिसम्बर, 1992 को नई दिल्ली में पूंजी बाजार प्रवृत्तियां और विनिधान परामर्श-कर्म पर एक अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया। उद्घाटन और समापन तथा विदाई के अलावा सम्मेलन के चार तकनीकी सत्र थे। पूरे देश से लगभग 160 प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

4. इस वर्ष विशेषकर वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में हाल की गतिविधियों के संदर्भ में, प्रबन्ध परामर्श सेवा पद की परिभाषा की समीक्षा की। समिति की सिफारिशों के आधार पर परिषद ने परिभाषा का पुनरीक्षण कर दिया है। पुनरीक्षित परिभाषा सदस्यों की सूचनार्थ संस्थान की पत्रिका में प्रकाशित कर दी गई है।

5. "प्रोफेशनल अपोरचुनिटीज फार मेम्बर्स : एन अप्रेजल" नामक प्रकाशन समिति द्वारा अद्यतन तथा पुनरीक्षित कर दिया गया है।

5. उद्योग के सदस्यों की समिति :

1. समिति ने उद्योग के सदस्यों के फायदे के लिए अहमदाबाद शाखा के सहयोग से 19-20 जून, 1993 को अहमदाबाद में प्रबन्ध और वित्त सेवाओं पर सम्मेलन आयोजित किया।

2. समिति द्वारा बनाई गई स्कीम के अनुसार फिलहाल केन्द्रीय अधिकारियों के अतिरिक्त प्रादेशिक परिषदों ने भी अपने क्षेत्र के सदस्यों को नियोजन सहायता देना शुरू कर दिया है।

6. निगमित विधि समिति :

1. समिति ने 19–21 नवम्बर, 1992 को मुम्बई में वित्तीय विधि समिति के सहयोग से वित्तीय और निगमित विधियों पर 24वीं अखिल भारतीय संगोष्ठी आयोजित की। संगोष्ठी में विभिन्न प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर संगठनों के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

2. संस्थान आज्ञापक पर्यावरण विषय रिपोर्टिंग के क्रियान्वयन तथा इस बाबत हमारी वृत्ति की भूमिका संबंधी विषय पर पर्यावरण और वन मंत्रालय से सम्पर्क बनाए हुए है। मंत्रालय के निदेश पर संस्थान द्वारा गठित विशेष अध्ययन दल के विचार जो सरकार को भेजे जा चुके हैं, मंत्रालय के विचाराधीन हैं।

3. समिति ने कम्पनी अधिनियम को पुन: संहिताबद्ध करने के दौरान कम्पनी कार्य विभाग से निकट सम्पर्क बनाये रखा और विभाग से निदेश प्राप्त होने पर अनेक तकनीकी मुद्दों पर अपनी राय प्रकट की। कम्पनी कार्य विभाग को समिति द्वारा समय-समय पर दिए गए अनेक सुझाव विधेयक में समाविष्ट हैं। समिति कम्पनी विधेयक, 1993 के विभिन्न उपबंधों पर सुझावों से युक्त एक विस्तृत ज्ञापन को अंतिम रूप दे रही है।

7. राजवित्तीय विधि समिति

1. केन्द्रीय बजट

संस्थान का बजट पूर्व ज्ञापन केन्द्रीय वित्त मंत्री, वित्त राज्य मंत्री सी.बी.डी.टी. और अन्य प्राधिकारियों को प्रस्तुत किया गया। संस्थान का बजट अन्तर ज्ञापन जिसमें वित्त विधेयक, 1993 पर टिप्पणियां और सुझाव अंकित थे, भी, उपरोक्त प्राधिकारियों को प्रस्तुत किया गया। बजट पूर्व ज्ञापन और बजट-उत्तर-ज्ञापन के संबंध में अध्यक्ष, सी.बी.डी.टी. और अन्य प्राधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

2. चलैया समिति रिपोर्ट पर अभ्यावेदन

